# शकुन टाइम्स

निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज

लखनऊ, बुधवार 01 जनवरी 2025 नगर संस्करण | पृष्ठ:-8 मूल्य:-4 रूपया | वर्ष:- 14, अंक 01





नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं

सांसद खेल स्पर्धा का फतेह बहादुर... • लखनऊ से प्रकाशित हिंदी दैनिक समाचार पत्र • महिला प्रीमियर लीग नीलामी...

## जयपुर में गैस रिसाव से मचा हड़कंप

### चारों तरफ छाई सफेदी, मौके पर पहुंची सिविल डिफेंस की टीम

एजेंसी

**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में गैस लीक होने से हड़कंप मचने की खबर सामने आई है। घटना एक गैस फिलिंग प्लाट में गैस के रिसने के कारण हुई है। इससे आसपास के हिस्से में सफेदी की चादर जम गई है। गैस लीक होते ही चारो तरफ अफरा तफरी का माहौल बन गया। घटना की जानकारी मिलते ही सिविल डिफेंस, पुलिस समेत फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंची और मोर्चा संभाला, क्योंकि बीते दिनों हाइवे पर हुए टैंकर हादसे के जख्म अभी भरे भी नहीं थे। घटना शहर के विश्वकर्मा इलाके की रोड नंबर 18 पर



स्थित गैस फिलिंग प्लांट में रिसाव का है। बताया जा रहा है कि प्लांट की टंकियों में कार्बन डाई ऑक्साइड गैस भरी थी। इसका ही रिसाव होने लगा और चारो तरफ सफेदी की चादर छा गई। आनन-फानन में सिविल डिफेंस की टीम को बुलाया गया। मौके पर पहुंची टीम ने टंकी का वाल्व बंद किया और तब जाकर गैस का रिसाव रुका। टीम ने टंकियों के वाल्व तो बंद कर दिए थे, लेकिन तब तक काफी मात्रा में गैस लीक हो चुकी थी। इस कारण आसपास खड़ी गाड़ियों, मकानों, बिल्डिगों, सड़कों और पेड़-पौधों पर सफेद की चादर जम गई थी। फिलहाल इस लीकेज को नियंत्रित कर लिया गया है। किसी के हताहत होने की कोई खबर सामने नहीं आई है, लेकिन गैस के रिसाव से आसपास मौजूद लोग घबरा गए थे, क्योंकि बीते दिनों जयपुर में गैस लीक होने से भयंकर हादसा हुआ था। हाइवे पर हुए उस हादसे में घटना के बाद से धीरे-धीरे करके 20 लोगों की मौत हो गई थी।

## महाकुंभ 2025: रेलवे चलाएगा 3000 स्पेशल ट्रेनें

### सुरक्षा और सुविधा के पुख्ता इंतजाम

एजेंसी

भारतीय रेलवे समेत विभिन्न विभागों में महाकुंभ 2025 की तैयारियां जोरों पर हैं। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम पर 13 जनवरी, 2025 को शुरू होने वाले इस कार्यक्रम ने बड़े पैमाने पर कार्यबल जुटाया है। लाखों भक्तों की आमद को प्रबंधित करने के लिए, भारतीय रेलवे ने 3,000 विशेष ट्रेनों के संचालन की घोषणा की है, जिसमें रिंग रेल मार्ग पर 560 ट्रेनें शामिल हैं। उत्तर मध्य रेलवे ने नौ प्रमुख स्टेशनों पर टिकटिंग व्यवस्था



स्थापित की है, जिनमें प्रयागराज जंक्शन, नैनी, चेओकी, प्रयाग जंक्शन, सूबेदारगंज, फाफामऊ, प्रयागराज रामबाग, प्रयागराज संगम और झूसी शामिल हैं। लगभग 560 टिकटिंग पॉइंट स्थापित किए गए हैं जिनसे प्रतिदिन लगभग 1 मिलियन टिकट जारी होने की उम्मीद है। शीघ्र यात्रा योजना को सुविधाजनक बनाने के लिए, टिकट 15 दिन पहले तक बुक किए जा सकते हैं। रेलवे ने महाकुंभ के दौरान 13,000 से अधिक ट्रेनें संचालित करने की योजना बनाई है, जिसमें 10,000 नियमित सेवाएं और 3,000 विशेष ट्रेनें शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, 560 ट्रेनें रिंग रेल मार्गों पर चलेंगी, जिनमें प्रयागराज-अयोध्या-वाराणसी-प्रयागराज, प्रयागराज संगम-जौनपुर-प्रयाग-प्रयागराज, गोविंदपुरी-प्रयागराज-चित्रकूट-गोविंदपुरी और झांसी-गोविंदपुरी-प्रयागराज-चित्रकूट-मानिकपुर-झांसी मार्ग शामिल होंगे। सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, आरपीएसएफ (रेलवे सुरक्षा विशेष बल) और एसआरपी (राज्य रिजर्व पुलिस) के 18,000 से अधिक कर्मियों को तैनात किया जाएगा। बड़ी संख्या में आगंतुकों को समायोजित करने के लिए 1.60 लाख टेंट और 1.5 लाख शौचालयों का निर्माण किया जा रहा है। 15,000 सफाई कर्मचारियों का कार्यबल स्वच्छता सुनिश्चित करेगा। पानी की मांग को पूरा करने के लिए 1,250 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई गई है। प्रकाश व्यवस्था के लिए 67,000 एलईडी फिक्स्चर, 2,000 सोलर लाइट और 3 लाख पौधों के साथ व्यापक हरियाली लगाई जा रही है। इसके अलावा, महाकुंभ में नौ स्थायी घाट, सात नदी तट सड़कें और 12 किलोमीटर तक फैले अस्थायी घाट भी होंगे। कनेक्टिविटी में सुधार के लिए सात बस टर्मिनलों का निर्माण किया जा रहा है।

## सड़क हादसे में तीन मजदूरों की मौत

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के उज्जैन जिले में आज सुबह हुए एक सड़क हादसे में तीन मजदूरों की मौत पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शोक व्यक्त किया है। डॉ यादव ने एक्स पोस्ट में कहा कि उज्जैन जिला अन्तर्गत महिदपुर रोड क्षेत्र में डेलचीबुजुर्ग ग्राम के समीप मजदूरों को रतलाम ले जा रहे पिकअप वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने से तीन मजदूरों की असमय मृत्यु का दुखद समाचार मिला है। उन्होंने कहा कि उनकी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि दुर्घटना में घायलों का इलाज महिदपुर में चल रहा है। गंभीर घायलों को उज्जैन जिला अस्पताल रेफर किया गया है। प्रशासन द्वारा मृतकों के परिजनों की नियमानुसार आर्थिक मदद की जाएगी। महिदपुर में आज सुबह हुए इस हादसे के तहत मजदूरों से भरी पिकअप गाड़ी पलट गई, जिससे गाड़ी में सवार तीन लोगों की मौत हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हो गए।

## भारत की संस्कृति और परंपरा से चिढ़ने वाले कर रहे दुष्प्रचार

# मिलेगा करारा जवाब: सीएम योगी

एजेंसी

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत की संस्कृति और परंपरा से चिढ़ने वाले लोग दुष्प्रचार कर रहे है, लेकिन उनको करारा जवाब दिया जाएगा।

श्री योगी यहां पांचवी बार महाकुंभ मेला की तैयारियों की समीक्षा करने मंगलवार को पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति और परंपरा से चिढ़ने वाले लोग महाकुम्भ को लेकर दुष्प्रचार कर रहे हैं, उन्हें यथोचित जवाब दिया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सभी छह प्रमुख स्नान पर्वों पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की जाएगी, इस संबंध में सभी प्रबंध कर लिए जाएं। महाकुंभ में कोई भारतीय हो या विदेशी, प्रवासी भारतीय हो या



प्रयागराजवासी, बिना भेदभाव सबकी सुरक्षा-सबकी सुविधा सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि अराजक संगठनों द्वारा महाकुम्भ के नाम पर फर्जीवाड़ा कर वसूली करने का दुस्साहस किया जा रहा है, पुलिस द्वारा ऐसे लोगों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मेला साधु

**♦ महाकुंभ मेला में मुख्य स्नान पर्व पर कोई प्रोटोकॉल लागू नहीं होगा: सीएम**

सुंतो का होता है और उनकी भावनाओं को सम्मान दिया जाना चाहिए। मेला प्रबंधन से जुड़े अधिकारी संतों से सतत-संपर्क-संवाद बनाये रखें। मेलाधिकारी विजय किरण आनंद ने मुख्यमंत्री को बताया कि सभी अखाड़ों, महामंडलेश्वर, खालसा, दंडीबाड़ा, खाकचौक एवं अन्य संस्थाओं को भूमि आवंटन का कार्य पूर्ण हो गया है, जबकि प्रयागवाल और अन्य नई संस्थाओं को आवंटन का कार्य जारी है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया, डिजिटल मीडिया पर फेक न्यूज पर कड़ाई से लगाम लगाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय संस्कृति और परंपरा से चिढ़ने वाले लोग महाकुम्भ को लेकर दुष्प्रचार कर रहे हैं, उन्हें यथोचित जवाब दिया जाना चाहिए। श्री योगी ने स्नान घाटों की तैयारियों को परखने के क्रम में संगम ऐरावत घाट और संगम नोज घाट का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि हर एक तीर्थयात्री का स्नान सुरक्षित हो, इसके लिए व्यवस्थाओं में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। अगले तीन दिन में अरैल क्षेत्र में नया स्नान घाट तैयार करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि करीब 550 शटल बसें महाकुम्भ में चलाई जानी हैं।

## मेरे साथ दुर्घटना हुई तो जिम्मेदारी एसटीएफ की

### योगी के मंत्री आशीष पटेल अब यूपी पुलिस पर बरसे

एजेंसी

**लखनऊ।** यूपी की योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री और अपना दल सोनेलाल के कार्यकारी अध्यक्ष आशीष पटेल खुद पर लग रहे भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर उत्तर प्रदेश पुलिस के स्पेशल टॉस्क फोर्स (एसटीएफ) पर बरसे हैं। आशीष पटेल ने यहां तक कहा कि मेरे साथ किसी प्रकार का षड्यंत्र हुआ या दुर्घटना हुई तो इसकी सारी जिम्मेदारी एसटीएफ की होगी।

आशीष पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश के सबसे ईमानदार आईएएस अधिकारी एवं तत्कालीन प्रमुख सचिव प्राविधिक शिक्षा एम देवराज की अध्यक्षता में हुई विभागीय पदोन्नति समिति की संस्तुति और शीर्ष स्तर पर सहमति के आधार पर हुई पदोन्नति के



बावजूद राजनीतिक चरित्र हनन के लिए लगातार मीडिया ट्रायल अस्वीकार्य है। आशीष पटेल पर उनकी ही साली और सपा विधायक पल्लवी पटेल ने पिछले दिनों प्राविधिक शिक्षा विभाग में पौने दो सौ से ज्यादा लेक्चरर को 25-25 लाख रुपए लेकर एचओडी बनाने का आरोप लगाया था। पल्लवी का कहना है कि यह पद लोकसेवा आयोग से सीधी भर्ती के जरिए भरा जाना चाहिए था। इस तरह से प्रमोशन देकर पिछड़ों और दलितों के साथ अन्याय किया गया है।

## जयपुर में गैस रिसाव से मचा हड़कंप, चारों तरफ छाई सफेदी


**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में गैस लीक होने से हड़कंप मचने की खबर सामने आई है। घटना एक गैस फिलिंग प्लाट में गैस के रिसने के कारण हुई है। इससे आसपास के हिस्से में सफेदी की चादर जम गई है। गैस लीक होते ही चारो तरफ अफरा तफरी का माहौल बन गया। घटना की जानकारी मिलते ही सिविल डिफेंस, पुलिस समेत फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंची और मोर्चा संभाला, क्योंकि बीते दिनों हाइवे पर हुए टैंकर हादसे के जख्म अभी भरे भी नहीं थे। घटना शहर के विश्वकर्मा इलाके की रोड नंबर 18 पर स्थित गैस फिलिंग प्लांट में रिसाव का है। बताया जा रहा है कि प्लांट की टंकियों में कार्बन डाई ऑक्साइड गैस भरी थी। इसका ही रिसाव होने लगा और चारो तरफ सफेदी की चादर छा गई। आनन-फानन में सिविल डिफेंस की टीम को बुलाया गया।


## शंटिंग के दौरान पटरी से उतरा इंजन

**संभल।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में मंगलवार को शंटिंग के दौरान एक इंजन पटरी से उतर गया। रेलवे के सूत्रों के मुताबिक जिला संभल के अंतर्गत के चंदौसी जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर तीन पर आज शंटिंग के दौरान एक इंजन पटरी से उतर गया। इंजन के पटरी से उतर जाने की सूचना पर रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंचे और इंजन को दोबारा से ट्रैक पर लाने का कार्य कराने में जुट गए। सूत्रों के मुताबिक इंजन के पटरी से उतर जाने के कारण थोड़ी देर के लिए गाड़ियों का संचालन भी प्रभावित रहा। अधिकारियों ने इंजन के पटरी से उतर जाने की जांच के आदेश दिए हैं।

## भाजपा के वरिष्ठ नेता गुरविंदर सिंह सेठी का निधन

**रांची।** झारखंड में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता गुरविंदर सिंह सेठी का आज निधन हो गया। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने श्री सेठी के आकस्मिक निधन पर गहरी संवेदना प्रकट की है। उन्होंने कहा कि गुरविंदर सिंह सेठी सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष पद पर भी वह कार्यरत रहे।गुरु नानक हॉस्पिटल, गुरु नानक स्कूल एवं गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के विभिन्न पदों पर रहते हुए उन्होंने कई उल्लेखनीय कार्य किए।










# श्रीमद् भागवत कथा अमृत कथा है: आचार्य धरणीधर

शकुन टाइम्स संवाददाता


**सियारामपुर।** में आयोजित कथा से पूर्व शोभा यात्रा निकाली गई हजारों की संख्या में नर नारी ने कलश में भरकर वरुण देवता आवाहन किया प्रथम दिवस की कथा में कथा प्रवक्ता आचार्य धरणीधर जी महाराज ने पहले दिन भागवत कथा का महत्व बताते हुए कहा कि मृत्यु को जानने से मृत्यु का भय मन से मिट जाता है, जिस प्रकार परीक्षित ने भागवत कथा का श्रवण कर अभय को प्राप्त किये, वैसे ही भागवत जीव को अभय बना देती है। आचार्य धरणीधर जी महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा परमात्मा का अक्षर स्वरूप है। यह परमहंसों की संहिता है, भागवत कथा हृदय को जागृत कर मुक्ति का मार्ग दिखाता है। यह कथा भगवान के प्रति अनुराग उत्पन्न करती है। यह ग्रंथ वेद, उपनिषद का सार रूपी फल है। भागवत का अर्थ करते हुए कहा कि भक्ति, ज्ञान व वैराग्य के द्वारा ही जीव का कल्याण संभव है और इसकी पूर्णता के लिए सद्गुरु की शरण को ग्रहण करना चाहिए। मनुष्य के दैहिक व भौतिक तापों को नष्ट करने वाली और जीवन मे ज्ञानमंगल सुख प्रदान करने वाली श्रीमद्भागवत कथा मोक्ष को प्रदान करने वाली है। भागवत कथा मनुष्य को दैविक पुण्य प्रदान करने के साथ निष्काम भक्ति के भाव से जोड़ती है। परोपकार की भावना हमारे जीवन को श्रेष्ठता प्रदान कर भगवान के निकट ले जाने का कार्य करती है। भक्ति, ग्यान, वैराग्य की व्याख्या के अलावा गोकरण धुन्धकारी की कथा का वर्णन किया इस अवसर पर मुख्य यजमान राम किशुन सिंह,कमलावती देवी,मनोज सिंह,प्रमोद सिंह, प्रवीण सिंह छोटू, मुलचन्द्र सिंह, रामदास, रामगुलाम, बेचू सिंह,राजेंद्र सिंह, राम कृपाल सिंह सिद्धांन्त सिंह आदि लोग मौजूद रहे।


# राप्ती घाट पर भव्य आरती का आयोजन किया गया

शकुन टाइम्स संवाददाता




**गोरखपुर।** प्रत्येक मंगलवार की तरह इस मंगलवार को भी राप्ती घाट पर भव्य आरती का आयोजन किया गया आरती के मुख्य अतिथि मुख्य संरक्षक कालीबाड़ी के महंत परम पूज्य श्री रविंद्र दास जी महाराज रहे संरक्षक के रूप में आर्थिक समिति के पूर्व अध्यक्ष श्री संजय श्रीवास्तव जी रहे इस उपलक्ष पर नव नियुक्त का पदाधिकारीगढ़ अध्यक्ष श्री उमेश अग्रहरि महामंत्री श्री अनुराग मझवार एवं श्री अनूप अग्निहोत्री कोषाध्यक्ष श्री मोहन शुक्ला सहित अन्य पदाधिकारीगढ़ आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया ।



























# ओटीएस अभियान के तहत 44 करोड़ 29 लाख की वसूली

शकुन टाइम्स संवाददाता

**महराजगंज।** डीएम अनुनय झा ने जिलाधिकारी कार्यालय में विद्युत विभाग के विभिन्न योजनाओं सहित ओटीएस अभियान की समीक्षा किया। अधीक्षण अभियंता विद्युत द्वारा अवगत कराया गया कि ओटीएस अभियान के प्रथम चरण का संचालन 15 दिसंबर से 31 दिसंबर तक किया गया। अभियान में कुल 26900 उपभोक्ताओं से 44 करोड़ 29 लाख का विद्युत बकाया वसूल किया गया। उन्होंने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि दूसरे चरण का अभियान 01 जनवरी 2025 से 15 जनवरी 2025 तक किया जाएगा। डीएम ने निर्देश दिया कि दूसरे चरण में महराजगंज डिवीजन में 20,000 उपभोक्ताओं को और नौतनवा, निचलौल व आनंदनगर डिविजन में न्यूनतम 10,000 उपभोक्ताओं का पंजीकरण कराते हुए विद्युत बकाया की वसूली सुनिश्चित की जाए। 5 किलोवाट से अधिक भार वाले विद्युत उपभोक्ताओं से शत-प्रतिशत विद्युत बकाया भुगतान करवाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि ओटीएस अभियान की अगली समीक्षा 10 जनवरी को की जाएगी। जिसमें प्रत्येक डिविजन से सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले सबडिवीजन के एसडीओ उचित कारण के साथ उपस्थित रहेंगे। जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान सभी खंडों में लाइन लॉस और एटीएनसी लॉस को कम करने का निर्देश दिया। खराब मीटरों को अभियान चलाकर प्रतिस्थापित करने के लिए कहा।



साथ ही विद्युत चोरी के उन प्रकरणों में जिनमे विभाग को राजस्व की बड़ी क्षति हो रही है, में कड़ी कार्यवाही का निर्देश दिया। उन्होंने विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारित करने के लिए कहा। बैठक में अधीक्षण अभियंता वाई.पी. सिंह, सभी एक्स.ई.एन सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## 8 पुलिस कर्मियों को मिली पदोन्नति



शकुन टाइम्स संवाददाता

**महाराजगंज।** जनपद मे तैनात कुल 08 कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड ए रुपेश कुमार राव सीसीटीएनएस प्रभारी , विकाश कुमार यादव (थाना सोनौली),शिवानन्द पासवान( सर्विलांस से), अनूप कुमार (थाना कोठीभार), सत्यवती सिंह( थाना सिन्दुरिया) ,परवेज आलम( थाना भिठौली), मिथिलेश साहनी (थाना चौक) व श्रीराम(पुलिस कार्यालय) समस्त पुलिस कर्मियों को ग्रेड बी के पद पर पदोन्नति होने पर पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना ने मिठाई खिलाकर व कंधे पर स्टार लगा कर शुभकामनाएं व उज्जवल भविष्य की कामना किया। पुलिस अधीक्षक ने सभी को नई जिम्मेदारियों को भलि भाति समझने व प्राथमिकता के आधार पर करने हेतु निर्देशित किये ।

## ट्रांसफार्मर बदलने हेतु ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



शकुन टाइम्स संवाददाता

**म्योरपुर/सोनभद्र।** विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कुंडाडीह में हफ्तों से जला ट्रांसफार्मर बदलने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर आक्रोश जताया है। कुंडाडीह (औरहवा) बिजली सब स्टेशन से सटे मात्र 500 मीटर दूर दलित बस्ती का ट्रांसफार्मर जलकर खराब हो गया है जिससे बस्ती में हफ्तों से अंधेरा व्याप्त है।ग्रामीण विनेश गौतम, रिशीकेश, संजय कुमार गौतम,छोटू कुमार ने बताया कि ट्रांसफार्मर खराब हुए पंद्रह दिन से अधिक हो गया है तभी से पूरे बस्ती में अंधेरा है संबंधित कर्मचारी अधिकारी को सूचना दिया जा चुका है लेकिन अभी तक ट्रांसफार्मर बदला नहीं गया है केवल आश्वाशन की घुट्टी मिल रही है।वहीं ग्रामीणों की समस्या संज्ञान पर भीम आर्मी के जिला संयोजक विवेक वर्मा ने कहा कि अपने स्तर से अधिकारियों को कहा जाएगा जल्द से जल्द खराब ट्रांसफार्मर को बदलकर बस्ती में उजाला करें इतने दिन से ग्रामीण समस्या से ग्रसित हैं कर्मचारियों की रवैया ठीक नहीं है।

## वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता में बच्चे हुए पुरस्कृत

शकुन टाइम्स संवाददाता

**गांगी बाजार/महाराजगंज।** क्षेत्र के हरिश्याम इंटर कॉलेज अकटहवा (डोमरा) में चल रहे तीन दिवसीय वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता हुई संपन्न। विभिन्न खेलों में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को प्रधानाचार्य शैलेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर किया पुरस्कृत। मुख्य अतिथि सब इंस्पेक्टर जयप्रकाश ने कहा कि शिक्षा के साथ खेल भी जीवन का एक अहम हिस्सा है। परिश्रम से जीवन के हर मुकाम हासिल हो सकते हैं। नारी सशक्तिकरण पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा की बच्चियों की सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन सदैव तैयार है। अगर कहीं भी किसी प्रकार का संकट आता है तो सरकार द्वारा संचालित टोल फ्री नंबरों पर कॉल करें। सब इंस्पेक्टर प्रिया गौतम ने छात्राओं से कहा कि नियमित एवं संयमित होकर लक्ष्य की प्राप्ति करें



शोहदों एवं मनचलों से समस्या आती है तो फौरन टोल फ्री नंबर पर कॉल करें। कबड्डी प्रतियोगिता बालक वर्ग में कक्षा 11 विजेता व कक्षा 10 उपविजेता, बालिका वर्ग में कक्षा 10 विजेता एवम् कक्षा 9 उपविजेता, फुटबॉल में कक्षा 10 विजेता जबकि कक्षा 9 उपविजेता, 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में कक्षा 12 के ब्रह्मदेव प्रथम एवम् कक्षा 11 के श्याम द्वितीय स्थान, जबकि कक्षा 10 के रोहित प्रथम स्थान एवं कक्षा 9 के प्रभाकर द्वितीय स्थान, बालिका वर्ग में कक्षा 11 के निर्मला प्रथम स्थान व संजना द्वितीय स्थान, 200 मी दौड़ बालक वर्ग में कक्षा 12 के राज कपूर प्रथम स्थान व ब्रह्मदेव द्वितीय स्थान ,कक्षा 10 रोहित प्रथम एवं कक्षा 9 के प्रभाकर द्वितीय स्थान, जबकि बालिका वर्ग में कक्षा 9 की गुड़िया प्रथम एवं सपना द्वितीय स्थान पर रहीं। 400 मीटर दौड़ में कक्षा 10 के रोहित प्रथम कक्षा 11 के राज कपूर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। खो-खो में कक्षा 11 विजेता व कक्षा 10 उपविजेता, वालीबाल मे कक्षा 11 विजेता व कक्षा 9 उप विजेता रहें। इस दौरान अभिभावक, अध्यापक एवम् विद्यालय के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## एकमुश्त समाधान योजना शिविर का हुआ आयोजन

शकुन टाइम्स संवाददाता

**मिर्जापुर /नरायनपुर।** विद्युत वितरण खंड नरायनपुर के पावर हाउस पर एक मुश्त समाधान योजना के अंतर्गत कैम्प लगाया गया बिजली विभाग के सहायक अभियंता विनय कुमार के द्वारा, जिसमें बिजली बिल में ब्याज माफी योजना के तहत अबतक 2300 लोगों ने इसका लाभ उठाया।नरायनपुर विद्युत वितरण खंड के अंतर्गत। इसके अलावा सोमवार को 165 लोगों ने ओटीएस कराया लगभग 14 लाख रुपए कि राजस्व वसूली भी की गई, आगेआपको बताते चलें कि यह सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है पहले आओ पहले पाओ तरह 100 प्रतिशत ब्याज माफ है। उसके बाद दूसरे चरण और तीसरे चरण तक यह योजना चलाई



जाएगी, पहले चरण का मंगलवार 31 दिसंबर 2024 अंतिम दिन है। जिसका भी बिजली का बिल बकाया हो कैम्प में आकर इसका लाभ उठा सकते हैं, यही नहीं जो एक मुश्त राशि जमा नहीं कर सकते हैं वह रजिस्ट्रेशन करा कर किस्तों में बिजली का बिल जमा कर सकते हैं, इस अवसर पर अवर अभियंता शुशील गुप्ता, राजू सिंह, अखिलेश सिंह, रजत कुमार, सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

## संक्षिप्त सामाचार

### विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने प्रस्तुत किए मॉडल

**वाराणसी।** रोहनियां स्थित सेंट्रल मॉडल स्कूल के बच्चों ने मंगलवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। बच्चों ने डीएनए मॉडल, किडनी, लिवर, ब्लोअर, हेलीकॉप्टर, ज्वालामुखी आदि का मॉडल प्रस्तुत विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रामाश्रय पटेल ने किया। उन्होंने कहा कि बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण पैदा करना जरूरी है। इस दौरान कौशल कुमार मौर्य, निशा मौर्या, अल्पना, राधा, शालू ,अंजलि, ख्वाहिश ज्योति, सीमा, अंजू आदि मौजूद रहे।

### सेवानिवृत्ति पर गार्ड काउंसिल को दी विदाई

**वाराणसी।** लहरतारा स्थित मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय (पूर्वोत्तर रेलवे) में मंगलवार को सेवानिवृत्त 31 रेल कर्मियों को भावभीनी विदाई दी गई। इसमें ट्रेन मैनेजर और पूर्वोत्तर रेलवे गार्ड काउंसिल के जोनल महासचिव शीतल प्रसाद भी शामिल रहे। शीतल प्रसाद वर्ष 1983 में गाड़ी लिपिक के पद पर नियुक्त होने के बाद अपनी कार्यकुशलता के आधार पर मेल-एक्सप्रेस गार्ड बने। इस दौरान इन्होंने गोरखपुर स्थित एनईआर मुख्यालय में गार्ड बुकिंग इंचार्ज का भी कार्यभार सम्भाला। इनकी 41 वर्षों की रेल सेवा कर्तव्यनिष्ठ, सराहनीय और अनुकरणीय रही है।

### प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण के लिए आज से सर्वे शुरू

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में लाभार्थियों का नाम जोड़ने के लिए पहली जनवरी से आवास प्लस सर्वेक्षण शुरू हो गया है। यह कार्य 31 मार्च तक चलेगा। इसके लिए 234 सर्वेयर लगाए हैं। हर ब्लॉक में एक नोडल अधिकारी नामित किया गया है। सीडीओ हिमांशु नागपाल ने बताया कि आवास प्लस सर्वेक्षण के लिए काशी विद्यापीठ में डीआरडीए के पीडी, हरहुआ में डीडीओ, चिरईगांव में डीसी एनआरएलएम, आराजीलाइन में उपनिदेशक-कृषि, जिला पंचायत और सेवापुरी में उपायुक्त उद्योग को नोडल नामित किया गया है।

## बिजली बिल जमा होने के बाद भी बिजली अपूर्ति ठप्प

शकुन टाइम्स संवाददाता

**कन्नौज।** उत्तर प्रदेश सरकार की योगी सरकार बिजली बिल बकाये दार उपभोक्ताओं की सहुलियत के लिए एक मुस्त समाधान योजना लागू की। जिससे उपभोक्ताओं को बिल जमा करने मे कोई परेशानी न हो। कई लोगो ने बिल जमा कर दिया है। लेकिन बिजली बिभाग के अधिकरियों ने कनेक्शन की जगह 37 गाँव की बिजली काट दी। अडियल रैवया से 37 गाँव की बिजली ठप्प है। जिससे ग्रामीणों को भारी दिक्कत हो रही हैं 72घंटो के बाद भी बिजली अपूर्ति चीलू नहीं की। बिजली अपूर्ति न होने से सर्द रात्रि मे कोई अनहोनी की आशंका बनी हुई है। ठठिया करेडा पटी



विधुत केन्द्र मे पडने बाले गाँव के हजारों उपभोक्ताओं पर लाखो रूपये बिजली का बिल बकाया है। बिजली बिल जमा करने से एसडीओ व अन्य अधिकरियों ने गाँव,गाँव कैम्प लगाकर बिल जमा कराने के लिए उपभोक्ताओं को प्रेरित किया। इसके बाद भी बिल जमा न होने पर 37 गाव की बिजली काट दी। बिजली अपूर्ति काटे जाने से गाँवो मे अहंकार मच गया। पीने के पानी की दिक्कत हो रही है। ग्रामीणों का आरोप है। कि विभाग के अधिकरियों पर आरोप लगाया की बिजली बिल जमा कर दिया है। इसके बाद भी गाँव का कनेक्शन नहीं जोडे जा रहा हैं। ठठिया उपकेन्द्र पर उपभोक्ताओं ने लाईन लगाकर बिजली बिल जमा किया। मंगलवार को कई उपभोक्ताओं और अधिकरियों के बीच अधिक बिल को लेकर नोक झोक भी होती रही। ग्रामीणों का आरोप है।

## पुरस्कार वितरण समारोह का हुआ आयोजन

शकुन टाइम्स संवाददाता

**साधोगंज/वाराणसी।** सक्सेस नवोदय कोचिंग सेण्टर चंगवार , अनेई वाराणसी द्वारा आयोजित सामान्य ज्ञान और सामान्य विज्ञान प्रतियोगिता-2024 का पुरस्कार वितरण समारोह श्रीमती कमला भगवत इण्टर कालेज साधोगंज वाराणसी में संपन्न हुआ। जिसमे टॉप 44 छात्रों को हमारे मुख्य अतिथि डॉ सुनील पटेल रोहनिया विधायक , श्री राकेश दुबे जी प्रबंधक श्रीमती कमला भागवत इण्टर कालेज , श्री प्रतिक दुबे प्रधानाचार्य श्रीमती कमला भागवत इण्टर कालेज , श्री हीरालाल शर्मा , श्री छोटेलाल शर्मा , श्री पियूष सर , सुनील सर , विकास सर , शैलेश सर एवं सक्सेस नवोदय कोचिंग सेण्टर के डायरेक्टर मनीष शर्मा द्वारा सभी छात्रों पुरस्कार प्रदान




किया गया । जिसमें टॉप 44 छात्रों को साईकिल , स्टडी टेबल , वाच , बुक और शील्ड दिया गया और हमारे मुख्य अतिथि द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाये दी गयी। जिसमें टॉप 4 छात्र आयुष वर्मा , प्रिंस वर्मा , चंद्रेश पटेल , पंकज कुमार सिंह को प्रोत्साहन के रूप में साईकिल प्रदान किया गया और 40 छात्रों को स्टडी टेबल , वाच , बुक और शील्ड और सेर्टिफिकेट प्रदान किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी।

## बोईसर के कुभवली ग्रामपंचायत में एक लाख लीटर क्षमता वाली पानी टांकी का किया गया उद्घाटन

मृत्युंजय पान्डेय

**पालघर। शिवसेना (शिंदे गुट)** के पालघर जिला प्रमुख कुंदन संखे के प्रयासों से तारापुर औद्योगिक क्षेत्र की ग्लैक्सी उद्योग समूह कंपनी के सी.आर.एस.फंड से नवनिर्मित एक लाख लीटर क्षमता वाली पानी टांकी का मान्यवरों के हाथों लोकार्पण किया गया। बतादें कि शिवसेना जिला प्रमुख कुंदन संखे पिछले कई सालों से कुंभवली ग्राम पंचायत को आदर्श ग्राम पंचायत बनाने हेतु लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने पिछले सालों में कई योजनाओं को कुंभवली ग्राम पंचायत में लाने में सफल रहे।अब उन योजनाओं का जमीनी परिणाम आने लगा है। उसका ताजा तरीन उदाहरण तारापुर औद्योगिक क्षेत्र की ग्लैक्सी उद्योग समूह कंपनी के सी.आर.एस.फंड से



नवनिर्मित एक लाख लीटर क्षमता वाली पानी टांकी है, जिसका लोकार्पण किया गया। ग्लैक्सी उद्योग समूह कंपनी के सी.आर.एस.फंड से नवनिर्मित एक लाख लीटर क्षमता वाली पानी टांकी का लोकार्पण सी.आर.एस. हेड के अध्यक्ष कैप्टन अमरजीत दास, शिवसेना जिला प्रमुख कुंदन संखे, कंपनी प्रबंधक राजेश खटावकर के शुभ हाथों संपन्न हुआ। इस अवसर पर कुंभवली ग्राम पंचायत की सरपंच तृप्ति संखे, ग्लैक्सी कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधक योगेश ठाकुर, उपसरपंच अमित संखे सहित कुंभवली ग्राम पंचायत सदस्यों के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामस्थ मौजूद रहे।

## दलित दंपती के साथ मारपीट,भीम आर्मी का हंगामा एस सी / एस टी धारा में केस दर्ज करने की मांग

शकुन टाइम्स संवाददाता

**अमरोहा।** थाना सैदनगली में दलित दंपति अशोक और उनकी पत्नी राधा के साथ कथित तौर पर मारपीट और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने के मामले में विवाद गहरा गया है। भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने पुलिस थाने में जमकर हंगामा किया और एस सी / एस टी एक्ट के तहत कार्रवाई की मांग की। 28 दिसंबर को गांव बांहपुर में अशोक और उनकी पत्नी राधा खेत में खाद लेकर जा रहे थे। रास्ते में प्रधान के पुत्र और उनके साथियों ने उन्हें रोककर जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया और विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की।



पीड़ितों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन पुलिस ने आरोपियों पर केवल साधारण मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज किया। मंगलवार को भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष मोनू सागर की अगुवाई में कार्यकर्ता और ग्रामीण थाने पहुंचे और जमकर हंगामा किया। उन्होंने पुलिस पर मामले को हलके में लेने और एस सी / एस टी एक्ट के तहत धाराएं न जोड़ने का आरोप लगाया। कार्यकर्ताओं ने दो दिन के भीतर आरोपियों की गिरफ्तारी और एस सी / एस टी की धाराओं में मामला दर्ज करने की मांग की। थाना सैदनगली के प्रभारी ने कार्यकर्ताओं से दो दिन का समय मांगा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों पर उचित कार्रवाई की जाएगी। भीम आर्मी ने चेतावनी दी है कि अगर पुलिस ने निर्धारित समय में एस सी / एस टी धाराओं में केस दर्ज नहीं किया और आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया, तो संगठन आंदोलन करेगा।

घटना के बाद गांव और आसपास के इलाके में तनाव का माहौल है। पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया है।

RNI : UPHIN/2012/45286
शकुन टाइम्स
निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज
info.shakuntimes@gmail.com www.shakuntimes.com shakuntimes
देश के प्रतिष्ठित समाचार पत्र में पत्रकार बनकर मान सम्मान और प्रतिष्ठा प्राप्त करने का सुनहरा अवसर
देश एवं प्रदेश के सभी जिलों में अनुभवी व गैर अनुभवी राज्य प्रभारी, जिला प्रभारी, तहसील प्रभारी एवं ब्लॉक स्तर पर संवाददाता एवं प्रसार प्रतिनिधियों की आवश्यकता है।
हमशे जुड़ने के लिए सम्पर्क करें
शीघ्र सम्पर्क करें : 9935781155, 9506320127

# टेनिस वॉलीबॉल चैंपियन प्रतियोगिता में 17 प्रांत के खिलाड़ियों ने लिया भाग

शकुन टाइम्स संवाददाता

**जमानियां।** नगर स्थित सेंट्रल पब्लिक स्कूल में मंगलवार को टेनिस वॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में तीन दिवसीय डे-नाइट 26 वीं राष्ट्रीय टेनिस वॉलीबॉल चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में देशभर से आई 17 टीमों ने हिस्सा लिया। चैंपियनशिप में सब जूनियर और जूनियर वर्ग के बालक, बालिका और मिक्स डबल इवेंट आयोजित किए गए। प्रतिभागियों में महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, बिहार, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखंड, दिल्ली, गुजरात, तमिलनाडु, पॉन्डिचेरी, पंजाब, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, उत्तराखंड, और दादर नगर हवेली से आए खिलाड़ी शामिल थे।




कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन और फेडरेशन का ध्वजारोहण के साथ हुआ। तत्पश्चयात बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम उपस्थित अतिथियों का मन मोह लिया। उद्घाटन समारोह के पश्चात प्रतियोगिता के लीग मैचों की शुरुआत हुई। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री व विधायक ओमप्रकाश सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल से ही खिलाड़ी की पहचान होती है।

खेल के प्रति दिलचस्पी, उत्सुकता, नियंत्रण, अनुशासन और सीखने की चाह रखने वाला ही एक अच्छा खिलाड़ी बन सकता है। अनुशासित खिलाड़ी अपने हौसले से हारी हुई बाज़ी को जीतने का ताकत रखता है।

यह प्रतियोगिता क्षेत्र को गौरवान्वित करने के साथ ही क्षेत्रीय खिलाड़ियों को प्रेरणा प्रदान करेगी। फाउंडर ऑफ टेनिस वॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया वेंकटेश वांगवर्ड ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं युवा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करती हैं। प्रबंधक रेशु जालान ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं युवाओं को खेल के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखाने और निखारने का मौका देती हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की इस चैंपियनशिप का उद्देश्य देशभर के खिलाड़ियों को एक मंच प्रदान करना है, जहां वे अपने खेल कौशल को दिखा सकें और आगे बढ़ने की प्रेरणा प्राप्त करें। उक्त अवसर पर प्रतिनिधि मन्नू सिंह सनशाइन पब्लिक स्कूल के प्रबंधक अमित कुमार सिंह, अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, डिवाइन ग्लोबल स्कूल के प्रबंधक प्रकाश यादव, एसएस देव पब्लिक स्कूल के प्रबंधक सुभाष चंद्र कुशवाहा, ब्लॉसम एकेडमी स्कूल के प्रबंधक कृष्णा नंद राय, राजेश कुशवाहा, रिंकू अग्रवाल, डब्बू कुशवाहा, आलोक कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।प्रतियोगिता में अंपायरिंग की भूमिका गणेश पाटिल, राहुल पालखर, अमोल कुमार मिश्रा, प्रफुल्ल बांसद, जडेजू, जॉन मेहता, विजय बोडके, प्रसंगी, साहिल जोगदंड और प्रज्वल पिंपलकर ने निभाई।

# पार्टी की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगे मंडल अध्यक्ष : सुशील सिंह

शकुन टाइम्स संवाददाता

**सकलडीहा।** मंगलवार को विकास खण्ड सभागार में मंडल अध्यक्ष जेपी चौहान का स्वागत समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक सुशील सिंह ने मंडल अध्यक्ष जेपी चौहान को माल्यार्पण कर स्वागत किया। साथ ही पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचने की बात कही। सैयदराजा विधायक सुशील सिंह ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश नित्य नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आज उस पार्टी का मंडल अध्यक्ष जेपी चौहान को बनने का सौभाग्य मिला है। ऐसे में जिम्मेदारिया भी बड़ी है। उन्होंने पार्टी में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जेपी चौहान पार्टी के प्रति समर्पित थे। इनके मेहनत और निष्ठा को देखते हुए पार्टी ने यह जिम्मेदारी सौंपी है।

विधायक ने नए दायित्व के लिए बधाई दिया।वही जेपी चौहान ने भाजपा नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि पार्टी ने जिस उम्मीद से मंडल अध्यक्ष बनाया है। उसकी उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख अवधेश सिंह, सूर्यमुनी तिवारी, ग्राम प्रधान अमित सिंह, सोनू सिंह, कमलापति पाण्डेय रहे। संचालन जिला प्रतिनिधि नीरज सिंह बाला ने किया।

## संक्षिप्त सामाचार

### गीतों और गजलों के जरिए नए वर्ष का किया स्वागत

**बलिया।** उत्तर प्रदेश साहित्य परिषद व साहित्य चेतना समाज की ओर से नववर्ष की पूर्व संध्या पर आवास विकास कालोनी में कार्यक्रम हुआ। इसमें कवियों व साहित्यकारों ने रचनाओं व संवादों से नववर्ष का स्वागत किया। प्रधानाचार्या उमा सिंह के सरस्वती वंदना वीणा वादिनी हे मां शारदे से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। प्रधानाचार्य व गजलकार डॉ शशि प्रेमदेव ने %उम्र भर जो उलझनें अपनी ही सुलझाएंगे हम, या इलाही दूसरों के काम कब आएंगे हम% सुना कर श्रोताओं में हंसी व उत्साह का संचार किया। शंकर शरण काफिर ने %देखो तो दरवाजे पर दस्तक कौन देता है, मोहब्बत हो तो कह देना यहां वो अब रहते नहीं% से प्रेम का रस्वादन कराया। कार्यक्रम के संयोजक व संचालक डॉ नवचंद्र तिवारी ने नववर्ष का नव विहान है नव प्रकाश ले आया है, प्राची से उन्नयन शिखर तक सूर्य समग्र मुस्काया है सुनाकर तालियां बटोरीं।

डॉ कादंबिनी सिंह ने इधर इश्क इबादत है झूठा नहीं है, उधर वो फरिश्तों के जैसा नहीं है% से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रेमचंद गुप्ता जी ने नव वर्ष अभिनंदन सभी को प्रेम पड़े सभी के दिल में द्वारा अपने प्रेम रस से लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। डॉ फतेहचंद बेचैन ने नए साल में हे मालिक ऐसा हमें हिम्मत दो, दुष्कर्मियों का कर दे सफाया ऐसा हमको ताकत दो% से वाह-वाही लूटी। प्रीति गुप्ता ने भी ने रचना से सभी को भाव विभोर कर दिया।

### धोखाधड़ी के मामले में नगर पंचायत अध्यक्ष गिरफ्तार

**गाजीपुर।** आईएस-191 गैंग के सदस्य बहादुरगंज नगर पंचायत अध्यक्ष रियाज अंसारी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब मामला फर्जी तरीके से कागजात तैयार कर एक मदरसे पर कब्जा करने का आरोप है। इस मामले में कासिमाबाद थाने में रियाज अंसारी समेत चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत कई धाराओं में केस दर्ज किया गया। पुलिस ने सोमवार को लंबी पूछताछ के बाद रियाज अंसारी को गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। एसपी डॉ. ईरज राजा ने बताया कि बहादुरगंज में संचालित मदरसा मदरसतुल मसाकीन के प्रबंधक हाफिज अब्दुल गनी ने सोमवार को कासिमाबाद थाने में तहरीर दी थी।

इसमें कहा था कि रियाज अंसारी ने कुछ साथियों के साथ मिलकर के मदरसे की एक कमेटी का फर्जी तरीके से दस्तावेज तैयार किया। इस कागजात के सहारे गलत तरीके से पूर्व से गठित सही कमेटी को भंग कर दिया गया। फिर फर्जी कागजात के सहारे ही एक नई समिति बनाने का प्रयास किया गया। इस समिति में शकील अख्तर को मदरसे का प्रबंधक दर्शाया गया। पांच दिसंबर को प्रबंध समिति के पदाधिकारी और सदस्यों के फर्जी हस्ताक्षर किए गए। फिर इस कूटरचित दस्तावेज को कार्यालय सहायक निबंधक फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स वाराणसी मंडल वाराणसी के यहां दाखिल किया गया।

### समस्याओं के निस्तारण को 16 से देंगे धरना

**गाजीपुर।** विद्युत मजदूर पंचायत का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन 16 जनवरी से निविदा कर्मचारियों एवं नियमित कर्मचारियों की समस्याओं के निस्तारण कराने के लिए होगा। विद्युत मजदूर पंचायत गाजीपुर के मंडल अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव ने बताया कि 16 दिसंबर को अधीक्षण अभियंता के समक्ष कर्मचारी समस्याओं से संबंधित 16 सूत्रीय ज्ञापन देते हुए मांग किया गया था। कहा गया था कि द्विपक्षीय वार्ता करके कर्मचारी समस्याओं का समाधान कराया जाए। दो सप्ताह बाद भी अधीक्षण अभियंता ने कर्मचारी समस्याओं के निराकरण के लिए ना तो कोई पहल की है और ना ही द्विपक्षीय वार्ता की तिथि ही निर्धारित की है। संगठन ने कर्मचारी समस्याओं के निस्तारण के लिए यह निर्णय लिया है कि यदि 15 जनवरी तक अधीक्षण अभियंता ने कर्मचारी समस्याओं के निस्तारण के लिए द्विपक्षीय वार्ता की तिथि निर्धारित करते हुए वार्ता नहीं की गई तो 16 जनवरी से अधीक्षण अभियंता कार्यालय लाल दरवाजा पावर हाउस गाजीपुर पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन आंदोलन प्रारंभ किया जाएगा।

RNI : UPHIN/2012/45286
शकुन टाइम्स
निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज
info.shakuntimes@gmail.com www.shakuntimes.com shakuntimes
आत्मनिर्भर भारत
बनें अपने शहर, अपने क्षेत्र की आवाज
उठाएं आमजन की समस्याएं, बेनकाब करें भ्रष्टाचारियों को
विकास के मुद्दो में दे अपना योगदान और करें आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार
आपकों अवसर देता है मीडिया क्षेत्र में करियर बनाने का
रिपोर्टर्स की आवश्यकता है
सम्पर्क सूत्र
9935781155, 9506320127

# सीएमओ के कारनामे को लेकर भाजपा नेता हुए आगबबूला

**मुख्य चिकित्साधिकारी सार्वजनिक रूप से मांगें माफी वरना आन्दोलन किया जाएगा**

शकुन टाइम्स संवाददाता

**गाजीपुर।** जनपद में एक कार्यक्रम के दौरान पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर का जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुनील पांडेय द्वारा पैर छूने का मामला सामने आने पर भारतीय जनता पार्टी के नेता अनिल कुमार पांडेय भड़क उठे। श्री पांडेय ने कहा सुनील पांडेय यह भूल गए की सनातन परंपरा में ब्राह्मण सर्वोपरि है तथा वे उत्तर प्रदेश सरकार के प्रतिनिधि के रूप में काम करते हैं। जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी,खुलेआम मंच से अपना सर किसी मंत्री के चरणों में झुका देना जनपद के मान स्वाभिमान और सम्मान को गिरवी रखने के बराबर है इसलिए हम मांग करते हैं की मुख्य चिकित्साधिकारी तत्काल सार्वजनिक रूप में अपने इस कृत्य के लिए माफी मांगे अन्यथा हम



सहयोगियों समेत उनके खिलाफ आंदोलन के लिए बाध्य होंगे अनिल पांडेय ने कहा अपने बिगड़े बोल के लिए चर्चा में रहने वाले मंत्री जी कभी-कभी या भूल जाते हैं कि सरकार के सबसे बड़े निर्माण कार्य में विकास कार्य में सहयोग सम्मानित ठेकेदारों का ही होता है इसलिए ठेकेदार सरकार के सहयोगी हैं उनके लिए यह अपमानजनक भाषा उचित नहीं है।

# निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को डीएम ने दिया निर्देश

शकुन टाइम्स संवाददाता

**गाजीपुर।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को निर्माण कार्य की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने जल निगम ग्रामीण/शहरी, सी0एल0डी0एफ0, आवास विकास परिषद, निर्माण खण्ड वाराणसी, लो0नि0वि0 गाजीपुर, आर0ई0डी, यू0पी0 सिडको, यू0पी0 पी0सी0एल0 वाराणसी, उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0 आजमगढ इकाई, राजकीय निर्माण निगम लि0 वाराणसी इकाई-1, 2/ भदोही, उ0प्र0राज्य निर्माण सहकारी संघ लि0 वाराणसी-2, जल निगम वाराणसी, देवकली पम्प कैनाल प्रथम, द्वितीय, सिंचाई निर्माण खण्ड वाराणसी एवं अन्य कार्यदायी संस्थाओं के निर्माण कार्यो की विस्तृत समीक्षा की। बैठक मे जिलाधिकारी ने माह नवम्बर 2024



मे पूर्ण होने वाले कार्यो की जानकारी कार्यदायी संस्थाओं से ली तथा निर्धारित अवधि मे कार्य पूर्ण न करने वाले कार्यदायी संस्थाओं को फटकार लगाते हुए कार्य मे तेजी लाने का निर्देश दिया।

तहसील कासिमाबाद में आवासीय/ अनावासीय भवन के निर्माण के प्रगति की जानकारी लेते हुए कार्यदायी संस्था को जल्द से जल्द पूर्ण कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने ऐसे कार्यदायी संस्थाओं की सूची उपलव्ध कराने का निर्देश दिया जिनके द्वारा धनराशि आवंटन के बाद भी कार्य प्रारम्भ नही किया गया है या कार्य मे ढिलाई बरती जा रही है। बैठक में जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्य मे मानक के अनुरूप एवं गुणवत्तापुर्ण कार्य कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने अधूरे कार्य जो धनाभाव के कारण रूके है उनकी जानकारी लेते हुए पत्राचार करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने धनावंटन के बाद भी कम प्रगति वाले कार्यो पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यो को गुणवत्तापूर्ण एवं मानक के अनुसार निर्धारित समय के अन्दर पूरा करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

उन्होने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यो में किसी भी स्तर पर लापरवाही को बहुत ही गंभीरता से लिया जाएगा और संबंधित विभाग के अधिकारी उसके लिए पूर्ण रूप से जिम्मेदार होंगे। बैठक मे मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य, मुख्य राजस्व अधिकारी आयुष चौधरी, अर्थ एवं संख्या अधिकारी चन्द्रशेखर प्रसाद एवं सम्बन्धित जनपद स्तरीय अधिकारी, कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारी उपस्थित थे।

# विद्यालय व कस्बा में भ्रमण कर/चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया

शकुन टाइम्स संवाददाता

**कौशांबी।** इस क्रम में थाना करारी पुलिस टीम द्वारा कस्बा नेता नगर में, थाना कौशांबी पुलिस टीम द्वारा ग्राम बारा के सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में, थाना पश्चिम शरीरा पुलिस टीम द्वारा झारखंडी देवी मंदिर परिसर में, थाना संदीपनघाट पुलिस टीम द्वारा सावित्रीबाई फूले राजकीय बालिका आश्रम पदिदि्त विद्यालय में,महिला थाना पुलिस टीम द्वारा उच्च माध्यमिक विद्यालय सेलरहा पश्चिम में, थाना मो0 पुर पइंसा पुलिस टीम द्वारा ग्राम अफ़जलपुरवारी में भ्रमण कर/चौपाल लगाकर/कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चियों/ महिलाओं/ छात्राओं को नारी सुरक्षा, नारी






सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया । महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे- (1) 1076 मा0 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, (2) 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, (3)1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, (4) 102 स्वास्थ सेवा, (5)108 एंबुलेंस सेवा, (6) 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, (7) 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा (8) 112 पुलिस आपात कालीन सेवा आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया।

एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं (1)सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना (2)मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना (3)अभ्युदय योजना (4)मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना (5)निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना (6)राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना (7) आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

# आसिफ ने नीट परीक्षा पास कर बढ़ाया जिले का सम्मान

शकुन टाइम्स संवाददाता

**मारुफपुर/चंदौली।** क्षेत्र के नदेसर मारूफपुर निवासी आसिफ अली कड़ी मेहनत और बेहद गरीबी के बावजूद नीट जैसी कठिन परीक्षा को अपने दूसरे ही प्रयास में पास कर यह साबित कर दिया कि प्रतिभा अमीरी की मोहताज़ नहीं होती। आसिफ के पिता नसीम अहमद बस कंडक्टर हैं, जिनको एक पुत्री और तीन पुत्र हैं। आसिफ इनमे सबसे छोटे हैं। प्राथमिक शिक्षा गांव से प्राप्तकर उच्च शिक्षा के लिए अलीगढ़ से पास किया। फिर नीट की तैयारी के लिए तीन साल तक दिल्ली में रहे। पहले प्रयास में असफलता हाथ लगने पर मेहनत कड़ी कर दी और दिसंबर 2024 की नीट परीक्षा पास कर ली। आसिफ ने बताया कि मेरा सपना है कि एक सफल डॉक्टर



बनकर दीन दुखियों की सेवा करू। क्योंकि एक बार मेरी माँ का ईलाज पैसे के अभाव में नहीं हो पाया था। आसिफ़ के नीट की परीक्षा में चयनित होने पर रहमत शेख, तस्लीम खान, कमरुज्जमा, रविन्द्र यादव, बीडीसी राजेश यादव, ज्ञानी जैल सिंह, साहब लाल यादव, डा नदीम अशरफ़, डा,राजेश निषाद आदि लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

# पुलिस व जनपदीय एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना का किया खुलासा

## 5 अर्न्तजनपदीय शातिर चोरों को किया गया गिरफ्तार।

**अभियुक्तगणों के कब्जे से तीन अदद देशी तमन्चा, 06 अदद जिन्दा कारतूस व चोरी के भारी मात्रा में सोने व चांदी के जेवरात व ?30,000/- नगद तथा घटना में प्रयुक्त एक अदद बोलेरो वाहन व चोरी करने के उपकरण आदि बरामद।**

**गिरफ्तार किये गये चोरों में से तीन जनपद बहराइच के हिस्ट्रीशीटर है बदमाश।**

शकुन टाइम्स संवाददाता

**सिद्धार्थ नगर।** जनपद में हो रही चोरियों के सम्बन्ध में नवागत पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा रोकथाम व पूर्व में हुई चोरी की घटनाओं के अनावरण हेतु एसओजी/ सर्विलांस व सम्बन्धित थाने की एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया था। अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर सिद्वार्थ के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ सुजीत राय के कुशल पर्यवेक्षण में मंगलवार की रात्रि को एसओजी, सर्विलांश, थाना चिल्हिया व मोहाना पुलिस टीम द्वारा चिल्हिया



क्षेत्रान्तर्गत ग्राम गौरा बर्डपुर मार्ग पर चेकिंग कर रहे थे।

कि इस दौरान एक चारपहिया वाहन गौरा बाजार की तरफ से काफी तेजी से आ रही थी, सन्देह होने पर पुलिस टीम द्वारा वाहन को रोककर चेक किया गया तो 05 संदिग्ध व्यक्ति बैठे हुए थे। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 03 अदद देशी तमन्चे, 06 अदद जिन्दा कारतूस व चोरी के भारी मात्रा में सोने व चादी के जेवरात व ?30,000/- नगद, घटना में प्रयुक्त एक अदद बोलेरो वाहन व चोरी करने के उपकरण बरामद हुआ। पूछ-ताछ व बरामदगी के आधार पर गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा दिनांक 05/06-12-2024 को ग्राम बस्ठा व सेमरियावा थानाक्षेत्र चिल्हियां व दिनांक 20/21.12.2024 की रात को थानाक्षेत्र मोहाना के युसुफपुर कस्बे की ज्वेलरी की दुकान में हुई नकबजनी की घटना को करना स्वीकार किया गया तथा उससे सम्बन्धित चोरी का माल बरामद हुआ। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना चिल्हिया की मु0अ0सं0 97/24 धारा 305(डु), 331(4), बी.एन.एस. व थाना मोहाना की मु0अ0सं0 223/2024 धारा 305(डु), 331(4) बी.एन.एस. का सफल अनावरण किया गया ।गिरफ्तार अभियुक्तगणों को समस्त वैधानिक कार्यवाही पूर्ण करते हुये माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है। वहीं गिरफ्तार अभियुक्तगणों में इंदल चौहान पुत्र ठाकुर निवासी टिकुरी मौजा अरनवा थाना खैरीघाट जनपद बहराइच, विनोद कुमार चौहान पुत्र अन्तू निवासी टिकुरी मौजा अरनवा थाना खैरी घाट जनपद बहराइच, सम्बारी पुत्र भोखन चौहान निवासी टिकुरी मौजा अरनवा थाना खैरीघाट जनपद बहराइच, बछराम पुत्र दयाराम गांव दल्ला पुरवा पुलिस चौकी खैरी थाना बेहडा जिला बहराइच व नन्दकिशोर पुत्र स्वर्गीय लालाराम पता अड़गोडवा थाना मोतीपुर जिला बहराइच है।

आपको बता दें कि इंदल चौहान, विनोद कुमार चौहान व सम्बारी उपरोक्त जनपद बहराइच के अपने अपने थाने के हिस्ट्रीशीटर बदमाश हैं। वहीं पुलिस द्वारा अभियुक्तगणों से गहनता से पुछताछ करने पर बताया गया कि साहब हमलोग नाइट स्टार नाइन नाम से गैंग बनाकर चोरी/नकबजनी करते हैं। हमारे टीम में नौ सदस्य हैं ।जो मौजुद रहता है और जिसकी इच्छा रहती है। वे लोग 05, 06 व 07 की संख्या में मिलकर घटना करने जाते हैं। हमलोगों में सेंध काटने, ताला तोड़ने व रेकी करने में अलग-अलग एक्सपर्ट हैं तथा हमलोग चार पहिया वाहन से अपने जनपद से दूर पूर्वांचल के बस्ती, देवरिया, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, प्रयागराज, जौनपुर, आजमगढ़ आदि जिलों में घटना करने जाते हैं। माल के व तमन्चे के सम्बन्ध में पुछने पर बताया की आपलोग पुलिस के डर से नेपाल राष्ट्र के नेपालगंज शहर में किराये का रुम लेकर रहते हैं वहीं से हथियार व जेवर की खरीद बिक्री करते हैं । बरामदगी में तीन अदद देशी तमन्चा व 06 अदद जिंदा कारतुस, जेवर बिक्री के ?30,000/- नगद बरामद, उन्नीस (19) जोड़ी नया पुराना सफेद धातु पायल, तीन अदद लाकेट पीली धातु ,एक जोड़ी कान का झुमका पीली धातु, चार जोड़ा कान का बाला पीली धातु, एक अदद माला पीली धातु ,चार अदद अँगुठी (क्र26य6655) सफेद रंग की है।

# श्री श्याम बिहारी जी कृपा मंडल करेगा श्री खाटू श्याम बाबा का भव्य श्रृंगार

शकुन टाइम्स संवाददाता



**कानपुर।** श्री श्याम बिहारी जी कृपा मंडल (पंजीकृत) मंगलवार को लाजपत भवन मैदान, मोतीझील, कानपुर में भव्य श्री खाटू श्याम जी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव में श्री खाटू श्याम जी का भव्य श्रृंगार कोलकाता के बंगाली कुशल कारीगरों द्वारा किया जाएगा, और बाबा के फूल विशेष रूप से बेंगलुरु से आएंगे।

इस श्रृंगार में बाबा के चरणों में विविध प्रकार के फूल, आभूषण, और अलंकरण किए जाएंगे, जिससे श्याम बाबा की महिमा और भी प्रकट होगी। साथ ही, महोत्सव में अखंड ज्योति और छप्पन भोग की विशेष झांकी भी प्रदर्शित की जाएगी। महामंत्री राज अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में श्री खाटू श्याम जी के भक्तों द्वारा भव्य पूजा-अर्चना, सुंदरकांड पाठ, और भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा इस अवसर पर प्रसिद्ध भजन गायक राज पारीक (कोलकाता), अजहर अली (श्री खाटू श्याम जी) कुमार श्रवण (कानपुर) अभिषेक शुक्ला (कानपुर) द्वारा भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भक्तगण श्री श्याम प्रभु की महिमा में श्रद्धा से संगीतमय भजन प्रस्तुत करेंगे समिति के संस्थापक अमर मोदी अध्यक्ष अरुण कुमार मोदी, उत्सव संयोजक यश अग्रवाल, और कोषाध्यक्ष रवींद्र वैश्य,

प्रतीक गुप्ता, मीडिया प्रभारी अर्पित वर्मा गौरव सिंह, रजत जैन, शिवेंद्र गुप्ता, विजय कुमार गुप्ता, सिद्धार्थ नागवंशी, अमित अग्रवाल, तरुण अग्रवाल ने सभी श्याम प्रेमियों से निवेदन किया है कि वे आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर श्री श्याम के आशीर्वाद से जीवन को आशीर्वादित करें।

# हर्ष वर्धन सिंह ने जीता कांस्य पदक



शकुन टाइम्स संवाददाता

**कानपुर नगर।** बीते दिन हुई सिंधु इंटरनेशनल बर्रा में इंटर स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप में छ जिलों के लगभग 750 खिलाड़ियों ने प्रतिभा किया था। कार्यक्रम का शुभारंभ अशोक अंशवानी द्वारा किया गया। वहीं 18 से 20 किलोग्राम में वीपीआईसी क्लास के खिलाड़ी हर्षवर्धन सिंह द्वारा कांस्य पदक जीता गया संस्था के कोच द्वारा उनको बधाई व शुभकामना दी गई।

## संक्षिप्त सामाचार

### ज्वेलरी की दुकान में चोरी, शटर तोड़कर 3 किलो चांदी, 60 ग्राम सोना चोरी

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ के कृष्णा नगर थाना क्षेत्र में सोमवार रात ज्वेलस की दुकान का शटर तोड़कर लाखों रुपए के गहने चोरी कर लिए। सुबह जब ज्वेलर अपनी दुकान पर आया तो देखा कि दुकान का ताला टूटा हुआ है। दुकान के अंदर लगा शीशा तोड़कर चोरों ने चोरी की है। पीड़ित ने पुलिस को सूचना देने के साथ ही तहरीर कृष्णा नगर थाने पर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कृष्णा नगर थाना क्षेत्र के अली नगर नगर सुनहरा में स्थित दुकान पुष्पांजलि के प्रोपराईटर रामेंद्र ने बताया कि सोमवार शाम वह दुकान बंद करके अपने घर चले गए थे। सुबह जब दुकान खोलने पहुंचे तो शटर का ताला टूटा हुआ था। दुकान के अंदर लगा शीशा टूटा हुआ था। दुकान के अंदर जाने पर देखा कि वहां रखा हुआ लगभग 3 किलो चांदी और 60 ग्राम सोना चोरी हो गया है।

### नशे के खिलाफ 2500 महिला धावक दौड़ी

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ के दुबग्गा में नशा मुक्त महिला मैराथन दौड़ का आयोजन हुआ। इसमें 2500 महिला धावकों ने हिस्सा लिया। खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव, पूर्व केन्द्रीय मंत्री कोशल किशोर, विधायक जय देवी कौशल, अमरेश कुमार, योगेश शुक्ला और पवन सिंह चौहान ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन की शुरुआत की। महिला मैराथन दौड़ का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखना और आने वाले नए साल को नशा मुक्त बनाना है। नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना है। मैराथन में कुल 42.2 किलोमीटर की दौड़ हुई। इस दौड़ में पहले स्थान पर आने वाली महिला को पांच लाख रुपए, दूसरे स्थान पर आने वाली महिला को तीन लाख रुपए और तीसरे स्थान पर आने वाली महिला को डेढ़ लाख रुपए का इनाम दिया जाएगा। लखनऊ यातायात पुलिस ने दुबग्गा के जॉगर्स पार्क से लेकर मैराथन के मार्ग तक यातायात डायवर्जन लागू किया है।

### दिलकुशा प्लाजा में मंदिर का सर्वे करने पहुंची एलडीए आधिकारी

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ हुसैनगंज के दिलकुशा प्लाजा के बेसमेंट स्थित मंदिर के मामले में विकास प्राधिकरण की टीम सर्वे करने पहुची। मौके पर एलडीए की टीम के साथ स्थानीय लोग मौजूद रहे। एलडीए के जोनल अधिकारी शशि भूषण के साथ एलडीए की टीम मौजूद रही। बेसमेंट स्थित मंदिर का पूरा सर्वे किया। शशि भूषण ने बताया कि संबंधित मामले में लखनऊ विकास प्राधिकरण को शिकायत प्राप्त हुआ था। उसी के आधार पर जांच करने पहुंचे हैं। मौके पर मंदिर पाया गया है। कॉम्प्लेक्स से संबंधित तमाम पहलू और कागजात की जांच होगी। मंदिर पहले से था या कॉम्प्लेक्स पहले से था इन सभी बिंदुओं पर जांच करके नोटिस भेज जाएगा। काम्प्लेक्स के मालिक से इस संबंध में जवाब तलब किया जाएगा।

### यूपी महोत्सव में अवध ड्रीम डांस कार्यक्रम का आयोजन,कथक और कालबेलिया डांस को दर्शकों ने सराहा

**लखनऊ।** लखनऊ में अलीगंज स्थित यूपी महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम में अवध ड्रीम डांस अकादमी ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में दर्शकों को भारतीय और पश्चिमी संस्कृति का सुंदर संगम देखने को मिला।

# कोल्ड डे...तापमान सीजन में सबसे कम, पछुआ हवाओं ने बढ़ाई गलन

शकुन टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में इस सीजन का सबसे कम तापमान सोमवार को दर्ज किया गया। रात में न्यूनतम तापमान 4.9 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया। शहर में कोल्ड डे की स्थिति बन चुकी है। मंगलवार सुबह शहर का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री रहा। तेज बर्फीली हवाएं चल रही हैं, जिससे गलन बढ़ गई है। मंगलवार सुबह कोहरे का असर कम देखा गया। पछुआ हवाओं की वजह से धुंध और कोहरा छटा है, लेकिन सर्दी बढ़ गई है। लोग अलाव के सहारे दिन-रात काट रहे हैं। आज दिन में धूप निकलने की संभावना कम है। मौसम विभाग का अनुमान है कि आज का अधिकतम तापमान 18 डिग्री रहेगा। जब न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम हो जाए। अधिकतम तापमान भी सामान्य से 5 डिग्री सेल्सियस कम हो जाए तो इसे श्कोल्ड डेश् माना जाता है। फिलहाल लखनऊ में ऐसे ही हालत हैं। मौसम विभाग की मानें तो अगले 3 से 4 दिन यही स्थिति बनी रहेगी। मौसम विभाग ने लखनऊ समेत कई जिलों के लिए शीतलहर का अलर्ट जारी किया है। राजधानी लखनऊ समेत पूरे प्रदेश में दो दिनों तक ज्यादा ठंड पड़ेगी। भारतीय मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि मौजूदा स्थिति में दिन में धूप नहीं निकलेगी। रात में शीतलहर चलती रहेगी। इससे अधिकतम और न्यूनतम तापमान के बीच का अंतर कम हो गया है। इसके साथ ही पहाड़ी इलाकों से आ रही ठंडी उत्तरी-पश्चिमी हवाओं के चिल फैक्टर के संयुक्त प्रभाव से प्रदेश में दिन के तापमान में गिरावट हो रही है।

## साल के अंतिम दिन अस्पतालों में उमड़ी भीड़, ओपीडी में लगी लंबी लाइन

**लखनऊ ।** ठंड और गलन के बीच 2024 के अंतिम दिन मंगलवार को राजधानी लखनऊ की सरकारी अस्पतालों में मरीजों की सुबह से ही भीड़ रहे। बड़ी संख्या में ओपीडी में मरीज इलाज के लिए पहुंचे। अस्पतालों में सबसे ज्यादा भीड़ फिजिशियन डॉक्टर के चौम्बर के पास रही। वहीं, ठंड में गठिया और जोड़ रोग की समस्या बढ़ने के कारण हड्डी रोग विशेषज्ञ के पास भी मरीजों की लंबी कतार रही। लखनऊ की सबसे बड़े सरकारी अस्पताल, बलरामपुर चिकित्सालय में मरीजों की भीड़ रही। यहां ओपीडी हॉल में सुबह से ही भीड़ रही। ज्यादातर डॉक्टरों के चौम्बर में मरीजों और तीमारदारों की लंबी लाइन लगी दिखी। वहीं, इमरजेंसी में भी मरीजों के पहुंचने का सिलसिला भी जारी रहा। लोकबंधु अस्पताल में ठंड और गलन के साथ मरीजों की भीड़ उमड़ी। यहां एक्स-रे और सीटी स्कैन कराने वाले मरीजों की भी तादाद रही।

# विभा दूबे को विश्व हिन्दू महासंघ मातृशक्ति प्रकोष्ठ में प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया

शकुन टाइम्स संवाददाता



**कानपुर।** विश्व हिन्दू महासंघ उत्तर प्रदेश की मातृशक्ति प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष संतोष मिश्रा की राय परामर्श से एवं विश्व हिन्दू महासंघ उत्तर प्रदेश की मातृशक्ति प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री रेखा श्रीवास्तव की संस्कृति पर कानपुर नगर की विभा दुबे को विश्व हिन्दू महासंघ उत्तर प्रदेश का मातृशक्ति प्रकोष्ठ में प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया जाता है। विभा दुबे हिंदुत्व व विकास के मिशन पर कार्य करेंगी। विश्व हिन्दू महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति, मंडल प्रभारी कानपुर जगत पाण्डेय, जिला अध्यक्ष कानपुर सिद्धार्थ काशीवार, जिला संयोजक कानपुर आशुतोष द्विवेदी, जिला प्रभारी कानपुर जेपी सिंह, जिला अध्यक्ष कानपुर देहात विक्रम सिंह सेंगर, प्रदेश अध्यक्ष गंगा शर्मा कौशिक सोशल मीडिया प्रकोष्ठ,प्रदेश अध्यक्ष काजल किरन किन्नर प्रकोष्ठ, प्रदेश अध्यक्ष आचार्य डॉ हरिओम पाठक धर्माचार्य प्रकोष्ठ, प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण दुबे गौरक्षा प्रकोष्ठ,प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार प्रजापति गौरक्षा प्रकोष्ठ, प्रदेश महामंत्री ओम प्रकाश यादव,प्रदेश उपाध्यक्ष दिग्विजय सिंह राना,प्रदेश उपाध्यक्ष शरद परमार, प्रदेश अध्यक्ष रुद्र कुमार पाठक अधिवक्ता प्रकोष्ठ, प्रदेश महामंत्री डेजी रानी मिश्रा अधिवक्ता प्रकोष्ठ,प्रदेश मंत्री प्रवीण सिंह चंदेल सोशल मीडिया प्रकोष्ठ ने विभा दुबे को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# इम्युनिटी को बढ़ाने को लेकर डाबर च्यवनप्राश ने बच्चों को किया जागरूक

## बाल निकुंज इंग्लिश स्कूल, पल्टन छावनी में आयोजित किया विशेष जागरूकता सत्र

शकुन टाइम्स संवाददाता




**लखनऊ।** सर्दी का मौसम किसे अच्छा नहीं लगता लेकिन जब इस सर्दी में खांसी, जुकाम एवं श्वांस संबंधी बीमारियाँ हो जायें तो सर्दी का मजा फीका पड़ जाता है। आमतौर पर ये बीमारियाँ तापमान में होने वाले बड़े बदलाव एवं बदलते मौसम में किसी भी व्यक्ति के शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता के कम हो जाने के कारण होती हैं। ऐसे में हजारों वर्षों से प्रसिद्ध, लाखों-करोड़ों लोगों द्वारा सफ्लतापूर्वक आजमाया हुआ आयुर्वेदिक उत्पाद च्यवनप्रास काफी राहत देता है। डाबर च्यवनप्राश का सेवन न केवल हमारी रोग-प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर हमें इस सीजन में प्राय: होने वाली खांसी, जुकाम जैसी बीमारियों से बचाता है बल्कि हमारे शरीर के अनेक अंगों की क्रियाओं को अच्छा करता हुआ शरीर को बलशाली भी बनाता है। डाबर का प्रमुख हेल्थकेयर ब्रांड डाबर च्यवनप्राश ने आज देश भर में स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित बच्चों को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से एक मेगा जागरूकता पहल की शुरूआत की घोषणा की। इस पहल के तहत, प्रमुख डॉक्टर के साथ मिलकर डाबर च्यवनप्राश ने परिवर्तनशील मौसम, सामान्य बैक्टीरिया और वायरस से लड़ने के लिए एक मजबूत प्रतिरक्षा प्रणाली बनाने की आवश्यकता पर तीन सौ बच्चों को शिक्षित करने के लिए प्रतिरक्षा सत्र बाल निकुंज इंग्लिश स्कूल, पल्टन छावनी शाखा, सेक्टर-ए, सीतापुर रोड योजना में एक विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डाबर इंडिया के दिनेश कुमार, डा. ए.के. पाण्डेय, आयुर्वेद फिजिशियन, श्री एच.एन. जायसवाल, प्रबन्ध निदेशक बाल निकुंज, श्रीमती रश्मि शुक्ला प्रधानाचार्या, पंकज तिवारी - समाजसेवी सहित कई प्रमुख लोग मौजूद थे। इस सत्र का उद्देश्य सर्दियों में बीमारी से लड़ने के लिए बच्चों के बीच जागरूकता पैदा करना था। बच्चों को बुनियादी स्वच्छता और पौष्टिक आहार के माध्यम से अपनी प्रतिरक्षा को बढ़ावा देने के तरीकों में भी शिक्षित किया गया। डाबर इंडिया लिमिटेड के श्री राजीव जॉन, मार्केटिंग हैड, डाबर इंडिया लिमिटेड ने कहा डाबर च्यवनप्राश 100 से अधिक वर्षों से हर भारतीय को सबसे मजबूत प्रतिरक्षा प्राप्त करने में मदद के लिए प्रतिबद्ध है। यह पहल इस प्रतिबद्धता की दिशा में एक छलांग है।

हम शीत लहर के बारे में चिंतित हैं जो हर साल कई जान ले लेती है। इस पहल के माध्यम से, हम इन बच्चों को च्यवनप्राश प्रदान करने के अलावा प्रतिरक्षा के महत्व को उजागर करके वंचित बच्चों को सुरक्षा प्रदान करने का प्रयास करेंगे। डॉ, पाण्डेय ने कहा मौसम परिवर्तन के चक्रों के दौरान अचानक तापमान परिवर्तन होता है, जो खांसी, ठंड और फ्लू जैसे संक्रमण और बीमारियों का कारण है।

# आवास आयुक्त ने किया निरीक्षण,वृंदावन योजना से प्रभावित 148 किसानों को प्लाट आवंटित

शकुन टाइम्स संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में उत्तर प्रदेश आवास विकास अपने कार्यों को गति दे रहा है। आईटी सिटी को लेकर आवास आयुक्त बलकार सिंह ने आवास एवं विकास परिषद स्थित वृंदावन योजना के सेक्टर 15 में रिक्त स्थलीय भूमि का निरीक्षण किया। आवास विकास की वृन्दावन योजना राय बरेली रोड से प्रभावित किसानों को सेक्टर 9 स्थित मुख्यालय पर लाटरी द्वारा 148 किसानों को प्लाट आवंटित किए गए। निरीक्षण के दौरान आवास एवं विकास आयुक्त ने समय पर परियोजनाओं के पूरा होने पर जोर दिया। निर्माण कार्यों में उच्च गुणवत्ता बनाए रखने का निर्देश दिया। इसके साथ ही आवास आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों के साथ भविष्य की कार्ययोजनाओं और विकास की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा किया। आवास विकास की वृन्दावन योजना राय बरेली रोड से प्रभावित किसानों को सेक्टर 9 स्थित मुख्यालय पर लाटरी द्वारा 148 किसानों को प्लाट आवंटित किए गए ।उप आवास आयुक्त हिमांशु गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि, लाटरी द्वारा 148 किसानों को भूमि के बदले प्लाट के नियम के तहत वृन्दावन योजना सेक्टर 19 में प्रत्येक किसान को 60 वर्ग मीटर के प्लाट आवंटित किए गए हैं। जरूरी प्रपत्र जमा करने पर उन्हें आवंटन पत्र जारी कर दिए जाएंगे। किसान आंदोलन से जुड़े भारतीय किसान यूनियन (हिन्द )के प्रदेश अध्यक्ष सूरज यादव ने बताया कि आवास विकास द्वारा उठाए गए कदम से किसानों में खुशी है,बाकी बचे करीब 700 किसानों को भी जल्दी उनके प्लाट आवंटित कर दिए जाएं तो अच्छा होगा।

### रहीमनगर में गद्दा शोरूम में लगी आग

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के रहीम नगर इलाके में मंगलवार को सवा 4 बजे गद्दा शोरूम में आग लग गई। धुआं निकलता देख दुकान मालिक ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर दो दमकल गाड़ियां आग पर काबू पाने में लगी। बताया गया कि गद्दा शोरूम के पिछले हिस्से से अचानक धुआं उठना शुरू हुआ। पहले कर्मचारियों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन सफ्लता नहीं मिलने पर फायर बिग्रेड को सूचना दी। चार फायर टेंडर आग बुझाने में जुटे हैं। रहीम नगर चौराहे के पास मोना फर्निशिंग नाम से शोरूम है। इसकी पहली मंजिल में गोदाम बना हुआ है। इसमें आग तेजी से फैल गई। आग बढ़ती देख शोरूम कर्मचारियों ने ग्राउंड फ्लोर पर रखे सामान को बाहर निकाल लिया है। आग लगने से शोरूम के भीतर धुआं भर गया। इससे बचाव कार्य करने में दिक्कत हुई। फायर टेंडर ने तुरंत मशीन से शोरूम के ग्राउंड फ्लोर में भरे धुएं को बाहर निकाला।

# महिलाओं की ताकत और गठबंधन का दौर लौटाने वाला साल

शकुन टाइम्स संवाददाता



**प्रयागराज।** साल 2024 देश में जहां प्राकृतिक आपदाओं के लिए याद किया जाएगा तो वहीं राजनीतिक लिहाज से भी कम यादगार साल नहीं है। देश में गठबंधन राजनीति की फिर से शुरुआत करने वाला ये साल रहा। कौमी एकजुटता पर चोट करते नये नारे भी अस्तित्व में आए। 2024 को सियासी पिच पर चौंकाने वाले साल के रूप में भी याद किया जाएगा। क्यों कि देश के जनमत से लोकसभा चुनाव से लेकर विभिन्न विधानसभा चुनाव तक ऐसा जनादेश निकला,जिसका अंदाजा राजनीति के बड़े-बड़े विश्लेषक भी नहीं लगा पाए। जिसके चलते एक्जिट पोल और राजनीतिक ज्योतिषियों के सारे पूर्वानुमान धरे के धरे रह गए। इसका सबसे बड़ा उदाहरण 18वीं लोकसभा के चुनाव ही रहे। चुनाव से पहले देश भर के मीडिया में भाजपा की बयार चलने का दावा किया जा रहा था। यही नहीं खुद भाजपा भी आत्मविश्वास से लबालब थी। तभी भाजपा ने चुनाव से पहले नारा दिया था कि इस बार 400 पार। इसके लिए भाजपा ने काफी पहले से तैयारी की और उसके तमाम नेताओं ने आक्रमक प्रचार किया। विभिन्न राजनीतिक पंडितों ने भी माना कि भाजपा रिकॉर्ड सीटें जीत सकती है और भाजपा के नेतृत्व में एनडीए का आंकड़ा 400 पार जा सकता है। इसी बीच आक्रमक हिंदुत्व के सामने विपक्ष खास कर राहुल गांधी संविधान बचाने का नारा लेकर आए। पिछले दस सालों में पहली बार विपक्ष को मुकाबले का अस्त्र मिला और जब नतीजे आए तो सभी हैरान रह गए। भाजपा बहुमत का आंकड़ा भी नहीं छू सकी और महज 240 सीटों पर सिमट गई। आम चुनाव के दौरान विपक्षी गठबंधन ने आरोप लगाया कि भाजपा को बंपर बहुमत मिला तो वे संविधान बदल देंगे। विपक्ष चुनाव प्रचार में संविधान को लेकर ऐसा नैरेटिव गढ़ने में सफल रहा और यही वजह रही कि जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण जैसे क्रांतिकारी फैसलों के बाद भी भाजपा अकेले दम पर बहुमत का आंकड़ा नहीं छू सकी ।यही नहीं अयोध्या में भव्य भगवान राम का मंदिर बनाने और देश के गांव-गांव ? में उसका प्रचार करने के बाद भी भाजपा को अयोध्या जैसी सीट पर भी हार का सामना करना पड़ा। शायद ये हार भाजपा ही नहीं संघ भी बहुत तकलीफ़ देने वाली रही। भाजपा की हिंदुत्व की राजनीति के केंद्र रही हिंदी बेल्ट के अहम राज्य उत्तर प्रदेश में उसे महज 33 सीटों से संतोष करना पड़ा ।जबकि उसने पांच साल पहले ही यूपी की 80 सीटें में से 62 पर लगभग एकतरफा लड़ाई में कब्जा किया था। जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाने के क्रांतिकारी और एतिहासिक फैसले और वहां परिसीमन करने के बाद भी भाजपा इस राज्य में एक बार फिर अपना मुख्यमंत्री नहीं बना सकी ।यहां तक की उसे सत्ता से भी हांथ धोना पड़ा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अजेय दिखने वाली लोकप्रियता पर भी प्रश्नचिन्ह लगा ।साथ ही केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की चाणक्य नीति पर सवालिया निशान लगा ।वैसे किसी नेता की लोकप्रियता को उसके नेतृत्व और चुनावी नतीजे तय करते हैं ।तो इस हिसाब से देखा जाए तो फिर लोकसभा चुनाव के बाद हुए विधानसभा चुनाव के नतीजों ने साफ कर दिया है कि प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता अभी भी बरकरार है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ देश में हिंदुत्व के नये आइकन के रूप में उभरे हैं ।उत्तर प्रदेश से बाहर हिंदी पट्टी को छोड़ कर दूसरे राज्यों में भी जिस चुनावों में जिस तरह उनकी मांग बढ़ी है,वह ये बताने के लिए काफी है कि वह देश के लोकप्रिय नेताओं में से एक प्रमुख नेता हैं ।सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी उत्तर प्रदेश के बाहर लोकप्रिय हुए हैं ।राहुल गांधी ने अपनी छवि में बहुत सुधार किया और मेहनतकश लोगों के बीच जा कर उनकी तकलीफों को समझने की कोशिश की है ।लेकिन विवादों से उनका पीछा इस साल भी नहीं छूटा और फिर नये मुकदमों के झमेले में फंस गए ।लोकसभा में विपक्ष के नेता के तौर पर दलों को साथ लेकर चलने की उनकी क्षमताओं की अभी परख होनी बाकी है ।पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी अब भी सर्वमान्य नेता बनी हैं लेकिन उड़िसा में ढाई दशक से काबिज नवीन पटनायक का किला ढ़ह गया।

यहां कांग्रेस नहीं भाजपा शासक बनी। इस साल भी दक्षिण राज्यों में भाजपा के सपने अधूरे रह गए। हरियाणा और महाराष्ट्र के चुनाव ने साबित कर दिया कि सत्ता विरोधी लहर से नहीं माना जाना चाहिए कि सत्ता मिल जाएगी। रणनीति, कुछ फैसले,सही टिकट वितरण से नतीजे पलटे जा सकते हैं,जैसा भाजपा ने किया। महाराष्ट्र में सीएम पद भी हासिल कर लिया ।देश में गठबंधन राजनीति का लंबा इतिहास रहा,लेकिन 2014 और 2019 के आम चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत के बाद ऐसा माना जा रहा था कि देश से गठबंधन राजनीति की विदाई हो चुकी है और लोग अब किसी भी पार्टी को निर्णायक जनादेश देना पसंद करते हैं। 2024 के चुनाव में भी यही उम्मीद थी कि जनता स्पष्ट बहुमत देगी, लेकिन चुनाव नतीजों ने सारी उम्मीदों को ध्वस्त करते हुए गठबंधन राजनीति को फिर से जिंदा कर दिया। पिछले दो कार्यकाल में बंपर जनादेश पाने वाली भाजपा इस बार गठबंधन के साथियों पर निर्भर है। वहीं विपक्ष भी गठजोड़ बनाकर लगातार सरकार को घेरने की कोशिश कर रहा है ।यहां तक की सरकार के कई बिल अटके हैं और उन्हें कानूनी जामा पहनाने के लिए बहुमत जुटाने में पसीना आ रहा है ।लोकसभा में अच्छी वापसी के बाद यह माना जा रहा था कि कांग्रेस फिर से उस जोश के साथ लौट रही है जो कभी पार्टी के पास हुआ करती थी। लेकिन हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों के नतीजों ने कांग्रेस की राजनीति को फिर से सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया है ।कांग्रेस किसी भी मुद्दे को बनाए रखने में कामयाब क्यों नहीं हो पा रही हैकांग्रेस और विपक्ष को सबसे पहले यह तय करना होगा कि उनके लिए क्या मुद्दा है ।इंडिया गठबंधन में अब राहुल के नेतृत्व पर सवाल खड़े होने लगे हैं। ममता बनर्जी भी कोलकाता में रह कर राष्ट्रीय राजनीति करना चाहती हैं। प्रियंका गांधी के चुनावी राजनीति में उभार और संसद में अपने पहले भाषण से ही इंदिरा गांधी की याद दिलाने से भी कांग्रेस में नेतृत्व को लेकर एक नई बहस शुरू हो सकती है। साल 2024 में एक बार फिर महिलाएं राजनीतिक दलों के लिए बड़ी वोट बैंक साबित हुई हैं।

## सम्पादकीय

# गांधी के अपमान के जरिए डॉ आंबेडकर के अपमान को किनारे लगाने का खेल

अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर पटना में आयोजित भारतीय जनता पार्टी के कार्यक्रम में लोक गायिका देवी को गांधीजी के प्रिय भजन गाने पर माफी मांगनी पड़ी। एक लोकगीत के बाद गायिका देवी ने रघुपति राघव राजाराम, पतित पावन सीताराम भजन गाना शुरू किया। लेकिन जैसे ही उन्होंने ईश्वर अल्लाह तेरो नाम, सबको सन्मति दे भगवान! गाया, बापू सभागार में मौजूद तमाम भाजपा कार्यकर्ताओं ने अल्लाह शब्द का विरोध करना शुरू कर दिया। यह विरोध यहां तक पहुंच गया कि भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने गायिका देवी पर दबाव डाला कि वह इसके लिए माफी मांगें, सॉरी कहें। गायिका देवी ने मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं और संघी हिंदुत्ववादियों के समक्ष माफी मांगी। इसके बाद पूर्व मंत्री अश्विनी चौबे ने जोर-जोर से श्जय श्रीरामश् के नारे लगाए। प्रश्न यह है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का प्रिय भजन गाने पर एक लोक गायिका से माफी मंगवाने के क्या मायने हैं? प्रथम दृष्टया यह घटना गांधीजी और गायिका देवी के अपमान से जुड़ी हुई है, इसलिए यह सवाल पूछा जा रहा है कि क्या अब इस देश में गांधी का भजन गाना जुर्म हो गया है? दरअसल, संघी प्रयोगशाला में मुसलमान, अल्लाह, खुदा, मस्जिद जैसे शब्दों के प्रति इतनी नफरत घोल दी गई है कि जैसे ही ये शब्द कान में पड़ते हैं, प्रतिरोध का गुबार खड़ा हो जाता है। भाजपा ने आईटी सेल द्वारा परोसे गए ज्ञान और नफरत के जरिए अपने समर्थकों को एक जोंबी ग्रुप में तब्दील कर दिया है। यही कारण है कि जैसे ही उन्होंने अल्लाह शब्द सुना, श्भक्तोंश् को लगा जैसे किसी ने उनके कानों में खौलता हुआ तेल उड़ेल दिया। इसीलिए वे बेचौन होकर गायिका देवी के खिलाफचिल्लाने लगे। नतीजे में गायिका देवी को माफी मांगनी पड़ी। लेकिन क्या यह मामला सिर्फगांधी और गायिका देवी के अपमान तक महसूद है? या इसके पीछे कोई बड़ा खेल छिपा हुआ है? इसकी पड़ताल करने के लिए आयोजन और अपमान की टाइमिंग को समझने की जरूरत है। यह घटना 25 दिसंबर की है। जबकि इसका वीडियो एक दिन बाद 26 दिसंबर की शाम को वायरल होता है। इसके बाद अचानक तमाम टीवी चौनलों पर इसकी चर्चा शुरू हो जाती है। क्या प्राइम टाइम डिबेट के लिए यह खबर वायरल की गई थी? दरअसल, 26 दिसंबर को ही कांग्रेस पार्टी ने श्बेलगाम कांग्रेसश् के 100 वर्ष पूरे होने पर कर्नाटक के उसी शहर, जो आज बेलगावी कहा जाता है, में अपनी वर्किंग कमेटी का अधिवेशन किया। बेलगाम कांग्रेस (1924) के लिए महात्मा गांधी पहली और आखिरी बार कांग्रेस के अध्यक्ष चुने गए थे। इस अधिवेशन की अध्यक्षता करते हुए गांधीजी ने हिन्दू - मुस्लिम एकता और खादी के साथ अस्पृश्यता निवारण को कांग्रेस के कार्यक्रम में शामिल किया। दरअसल, गांधी ने कांग्रेस को जमीन पर उतारने के लिए राजनीतिक आंदोलन के साथ सामाजिक कार्यक्रमों पर जोर दिया।

यही कारण है कि कांग्रेस गांधी के नेतृत्व में तेजी से सामान्य लोगों के बीच लोकप्रिय हुई। गरीबों, वंचितों, किसानों के साथ-साथ दलितों और आदिवासियों को जोड़ने के लिए गांधी ने सुनियोजित कार्यक्रम शुरू किए। यही कारण है कि धीरे-धीरे कांग्रेस के साथ समूचा देश चल पड़ा। दलितों की मुक्ति के सवाल पर आगे चलकर उनका मुकाबला कोलंबिया विश्वविद्यालय और लंदन स्कूल ऑफइकानॉमिक्स से पढ़ाई करके भारत लौटे प्रभावशाली, बौद्धिक और अपने समाज के लिए समर्पित डॉ. अंबेडकर से हुआ। डॉ. अंबेडकर कांग्रेस और गांधीजी के अस्पृश्यता निवारण कार्यक्रम से संतुष्ट नहीं थे। वह त्वरित गति से सामाजिक बदलाव चाहते थे। लेकिन गांधीजी ब्राह्मणवादी सवर्णों का हृदय परिवर्तन की आकांक्षा लेकर उनके भीतर अपराध बोध पैदा करके दलितों का उद्धार करना चाहते थे। कहा जा सकता है कि दोनों का लक्ष्य एक ही था, लेकिन रास्ता और गति में काफी अंतर था। बावजूद इसके, अपवादों को छोड़कर दोनों एक दूसरे के प्रति सम्मान का भाव रखते थे। गांधीजी ने डॉ अंबेडकर को संविधान सभा में शामिल करने और प्रारूप समिति का अध्यक्ष बनाने के लिए नेहरू और पटेल को निर्देशित किया। डॉ. अंबेडकर ने गांधीजी के विश्वास को बरकरार रखते हुए भारत को एक बेहतरीन संविधान दिया, जिसे ग्रेनविल ऑस्टिन ने सामाजिक न्याय का दस्तावेज कहा है। इसके साथ ही डॉ अंबेडकर ने अपने जीवन- संघर्ष और विचारों के जरिए दलित-वंचित -शोषित समाज को सुनहरे भविष्य का सपना भी दिया। बेलगावी अधिवेशन में कांग्रेस ने अपने भीतर बड़ा बदलाव किया है। मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में और राहुल गांधी की वैचारिक स्पष्टता एवं संघर्ष के संकल्प के साथ कांग्रेस एक नए युग में प्रवेश कर रही है। पहली बार कांग्रेस महात्मा गांधी और डॉ अंबेडकर को एक साथ स्थापित करके संविधान बचाने की मुहिम को जमीन पर उतारने जा रही है। जाहिर तौर पर 26 दिसंबर के लिए प्राइम टाइम डिबेट का यह बड़ा मुद्दा था। लेकिन पटना में महात्मा गांधी के प्रिय भजन और लोक गायिका के अपमान के मुद्दे के जरिए भाजपा ने हैडलाइन मैनेजमेंट ही नहीं किया बल्कि कांग्रेस अधिवेशन को पूरी तरह से ब्लैकआउट कर दिया। लेकिन इस घटनाक्रम के पीछे असल कारण कोई और है। शीतकालीन सत्र के दौरान अमित शाह ने संसद में बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर का अपमान किया था। संविधान और डॉ अंबेडकर को लेकर पिछले कुछ समय से मुखर विपक्ष को घेरते हुए अमित शाह ने बड़े हिकारत से कहा था कि श्आजकल अंबेडकर... अंबेडकर करना फैशन हो गया है। अगर इतनी बार भगवान का नाम लिया होता तो सात जन्म के लिए स्वर्ग मिल जाता।

# 2025: दिल्ली और विपक्षी एकजुटता

राजेंद्र शर्मा

नये साल, 2025 के संबंध में, गुजरता हुआ साल जाते-जाते कुछ महत्वपूर्ण संकेत दे गया है। इनमें प्रमुख चुनावी संकेतों पर नजर डाल ली जाए। गुजरे हुए साल को किसी भी तरह से क्यों न देखा जाए, इसे देश के स्तर पर भी एक बहुत ही घटनापूर्ण साल कहना पड़ेगा। इस साल, देश में बहुत ही महत्वपूर्ण और दिलचस्प आम चुनाव हुए। बेशक, इन चुनावों के नतीजे में, जैसा कि सभी जानते हैं, नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भाजपा ने लगातार तीसरे बार सरकार बनाई है। लेकिन, यह भी सच किसी से छुपा हुआ नहीं है कि भाजपा की इस जीत में भी हार का एक बारीक स्वर समाया हुआ था। चार सौ पार के नारे के साथ और उसके बल पर संविधान ही बदल डालने के इरादों के साथ चुनाव में उतरी भाजपा, पिछले दो चुनावों में हासिल रहे अपने साधारण बहुमत और पिछले आम चुनाव में मिली 303 सीटों से बहुत पीछे, 240 के आंकड़े पर ही अटकी रह गयी और उसे सरकार बनाने के लिए एक ओर चंद्रबाबू नायडू की तेलुगू देशम, दूसरी ओर नीतीश कुमार की जनता दल यूनाइटेड आदि सहयोगी पार्टियों की बैसाखी का सहारा लेना पड़ा है। एनडीए के अपने सहयोगियों के साथ मिलकर भी सत्ता पक्ष बहुमत के आंकड़े से मुश्किल से बीस सीटें ज्यादा हासिल कर पाया है। इसका नतीजा यह हुआ है कि तीसरे कार्यकाल में मोदी की भाजपा के पहले करीब छरू महीने ने सचेत रूप से यह दिखाने की कोशिश करने में ही गुजरे हैं कि वह वाकई एक गठबंधन की सरकार चला रही है।

यह बात दूसरी है कि यह कथित गठबंधन की सरकार भी, वास्तविक आचरण में मोदी के दूसरे कार्यकाल से खास अलग नहीं हैय तीसरे कार्यकाल में भी कम से कम महत्वपूर्ण निर्णयों के मामले में गठबंधन की कोई भूमिका नहीं है और निर्णयों का अधिकार अब भी सिर्फमोदी की भाजपा के हाथ में है। हां! दूसरे कार्यकाल से भिन्न, कभी-कभार सत्ताधारी एनडीए की समारोही बैठकें जरूर होने लगी हैं, जिन्हें मोदी के पहले कार्यकाल के बाद भुला ही दिया गया था।मोदी के दूसरे और तीसरे कार्यकालों के बीच यह अंतर, आम चुनाव में विपक्ष की ताकत में जिस खासी बढ़ोतरी का नतीजा है, वह बेशक मोदी राज की लगभग सभी मोर्चों पर घोर विफलताओं पर और इन विफलताओं की ओर से ध्यान हटाने के लिए, बहुसंख्यकवादी सांप्रदायिकता के उसके खुले खेल पर, आम भारतवासियों की नाराजगी का नतीजा है। लेकिन, आम लोगों की इस नाराजगी को एक विकल्प की ओर केंद्रित करने में, व्यापक विपक्षी एकता की उस परिघटना की केंद्रीय भूमिका रही थी, जिसने इंडिया नामक मंच के जरिए रूप ग्रहण किया था। संक्षेप में इस परिघटना ने मोदी नहीं तो कौन के रेहटॉरिकल सवाल का एक कन्विंसिंग जवाब जनता के सामने पेश कर दिया था। मोदी की जगह, इंडिया की सरकार! बेशक, इंडिया ब्लाक के गठन ने इस आम चुनाव में काफी दूर तक विपक्ष को पड़ने वाले वोट को एकजुट करने के जरिए, सत्ता पक्ष की गिनती की बढ़त को क्षति पहुंचाने का काम किया था। देश के बड़े हिस्से में, औपचारिक रूप से न सही, व्यावहारिक रूप से तो इस चुनाव में सीधे मुकाबले की स्थिति बन ही गयी थी। बहरहाल, इस मंच का प्रभाव विपक्ष के इस पहले ही मौजूद वोट को एक जगह इकठ्ठा करने तक ही सीमित नहीं थी। इससे ज्यादा नहीं तो कम से कम इतने ही महत्वपूर्ण रूप से इसने, विपक्ष की इस एकजुटता के साथ, प्रभावशाली तथा असरदार तरीके साथ, मोदी राज के जनविरोधी चरित्र के संबंध में आम लोगों को कन्विंस करने का भी काम किया था। और इससे बनी जन-भावना का एक महत्वपूर्ण नतीजा यह भी था कि जहां एक के मुकाबले एक उम्मीदवार की स्थिति नहीं भी बन सकी थी, वहां भी जनता ने खुद ही विपक्षी उम्मीदवारों में से इस विरोध की अभिव्यक्ति के लिए सबसे उपयोगी विपक्षी उम्मीदवार को चुन लिया था और विपक्ष के ही बाकी उम्मीदवारों को नकार कर मुकाबला व्यवहार में एक प्रकार से एक के मुकाबले एक उम्मीदवार का बना दिया था। इस तमाम पृष्ठ्ठभूमि की थोड़ा विस्तार से याद दिलाने की जरूरत इसलिए पड़ी है कि नये साल के लिए राजनीतिक संकेतों को इस संदर्भ के बिना नहीं पकड़ा जा सकता है। यह संदर्भ, दिल्ली से जुड़े के मामले में आए संकेतों को समझने के लिए खासतौर पर जरूरी है। याद रहे कि नये साल में, दो ही महत्वपूर्ण चुनाव होने हैंकृसाल के पहले महीनों में दिल्ली का चुनाव और साल के मध्य में बिहार का चुनाव। दिल्ली के चुनाव के सिलसिले में वैसे तो संकेत, पांच साल पहले के विधानसभाई चुनाव के समीकरणों के कमोबेश ज्यों का त्यों दोहराए जाने के ही हैं। इस बार चुनाव में भी, पांच साल पहले हुए चुनाव की तरह ही न सिर्फ आम आदमी पार्टी विधानसभा में जबर्दस्त बहुमत-प्राप्त पार्टी की हैसियत से चुनाव मैदान में उतर रही है, उसका मुकाबला विधानसभा में इकलौती विपक्षी पार्टी के रूप में भाजपा से तो है ही, इसके साथ ही कांग्रेस पार्टी भी चुनाव में तीसरा कोना बनाने की कोशिश कर रही है। लेकिन, 2020 के विधानसभाई चुनाव से यह समानता सिर्फऊपरी समानता है और इसके आधार पर पिछली बार के ही नतीजों की एक बार फिर पुनरावृत्ति का अनुमान लगाना, सतही ही कहा जाएगा। जाहिर है कि इन पांच सालों में और खासतौर पिछले करीब एक साल के दौरान, राजनीतिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण बदलाव आए हैं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण बदलाव तो इंडिया मंच का उदय ही है। हालांकि, यह मंच प्राथमिक रूप से संसदीय चुनाव के लिए ही खड़ा किया गया था और संसदीय चुनाव से ठीक पहले भी और खासतौर पर संसदीय चुनाव के बाद, विधानभाई चुनावों में इस गठबंधन को, मुख्यतरू उसकी भाजपा-विरोधी धार के साथ ज्यों का त्यों बनाए रखना संभव भी नहीं हुआ है। संसदीय चुनाव के बाद से विधानसभाई चुनाव के जो दो चक्र गुजरे हैं, उनमें भी इस मामले में रिकार्ड मिला-जुला ही रहा है। जहां पहले चक्र में जहां जम्मू-कश्मीर में एक हद तक इंडिया ब्लाक को बनाए रखा जा सका था, हरियाणा के चुनाव में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच सीटों पर समझौता न होने के चलते, विपक्षी एकता की इस संकल्पना को धक्का लगा था। लेकिन, आम चुनाव के बाद से विधानसभाई चुनावों के दूसरे चक्र में, झारखंड तथा महाराष्ट्ब्, दोनों में ही कमोबेश इंडिया गठबंधन को बनाए रखा जा सका था। बहरहाल, दिल्ली के विधानसभाई चुनाव में एकजुट इंडिया ब्लाक के रूप में उतरने की वास्तव में कोई गंभीर कोशिश हुई हो, इसके कोई संकेत नजर नहीं आते हैं। बेशक, इसका कुछ न कुछ संबंध, आम चुनावों के अनुभव से भी है, जिनमें सीटों के तालमेल के तहत, दिल्ली की कुल सात सीटों में से कांग्रेस पार्टी ने तीन और आम आदमी पार्टी ने चार सीटों पर मिलकर चुनाव लड़ा था ।

> यह बात दूसरी है कि यह कथित गठबंधन की सरकार भी, वास्तविक आचरण में मोदी के दूसरे कार्यकाल से खास अलग नहीं हैय तीसरे कार्यकाल में भी कम से कम महत्वपूर्ण निर्णयों के मामले में गठबंधन की कोई भूमिका नहीं है और निर्णयों का अधिकार अब भी सिर्फमोदी की भाजपा के हाथ में है। हां! दूसरे कार्यकाल से भिन्न, कभी-कभार सत्ताधारी एनडीए की समारोही बैठकें जरूर होने लगी हैं, जिन्हें मोदी के पहले कार्यकाल के बाद भुला ही दिया गया था।मोदी के दूसरे और तीसरे कार्यकालों के बीच यह अंतर, आम चुनाव में विपक्ष की ताकत में जिस खासी बढ़ोतरी का नतीजा है, वह बेशक मोदी राज की लगभग सभी मोर्चों पर घोर विफलताओं पर और इन विफलताओं की ओर से ध्यान हटाने के लिए, बहुसंख्यकवादी सांप्रदायिकता के उसके खुले खेल पर, आम भारतवासियों की नाराजगी का नतीजा है।



# मौत के बोरवेल

ऐसे समय में जब देश-दुनिया नये साल के जश्न में डूबने जा रही है मध्यप्रदेश व राजस्थान में खुले बोरवेल में गिरने से हुई दो बच्चों की मौत विचलित करती है। राजस्थान के दोसा जिले और मध्यप्रदेश के गुना की घटनाएं पहली बार नहीं हुई हैं। गाहे-बगाहे ऐसी खबरें पूरे देश से आती हैं। यह सोचकर ही मन सिहर उठता है कि कोई बच्चा कैसे एक अंधी सुरंग में भूखे-प्यासे, अपर्याप्त ऑक्सीजन व बिना हिले-डुले कुछ दिन मौत की प्रतीक्षा करता होगा। भय व घुप्प अंधेरे में बच्चा किन मानसिक व शारीरिक यातनाओं से गुजरता होगा, सोचकर भी डर लगता है। लेकिन फिर भी हमारा संवेदनहीन समाज व लापरवाह तंत्र इस त्रासदी को गंभीरता से नहीं लेता। जिस बोरवेल को खुदवाने में लाखों रुपये खर्च होते हैं, उसका मुंह बंद करने के लिये चंद रुपये खर्च करने में लोग आपराधिक लापरवाही दिखाते हैं। राजस्थान के कोटपुतली में बोरवेल में गिरी तीन साल की बच्ची को एक सप्ताह बाद भी न निकाला जाना तंत्र की विफलता को दर्शाता है। निस्संदेह, यह अभियान जटिल बताया जाता है और बारिश ने राहत कार्य में बाधा डाली, लेकिन शुरुआत में प्रशासन की शिथिलता पर सवाल उठे हैं। ऐसे अभियानों में राष्ट्रीय आपदा निरोधक बल तथा स्थानीय सुरक्षा बलों की नाकामी गाहे-बगाहे उजागर होती रहती है। निस्संदेह, ऐसे संकटों में तत्काल कार्रवाई और राहत-बचाव कार्य को आधुनिक तकनीक से शुरू करने की जरूरत महसूस की जाती रही है। यही वजह है कि आए दिन होने वाले बोरवेल हादसों के मद्देनजर देश की शीर्ष अदालत ने वर्ष 2010 में इस बाबत दिशानिर्देश जारी किए थे ताकि ऐसे हादसों को टाला जा सके। जिसमें बोरवेल के चारों ओर बाड़ लगाने तथा मजबूत बोल्ट के साथ स्टील कवर लगाने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद आए दिन बोरवेल में बच्चों के गिरने के मामले सामने आ रहे हैं। जाहिर किसान व स्थानीय प्रशासन सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अनदेखी कर रहे हैं। अन्यथा ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति न होती। निस्संदेह, देश के विभिन्न भागों में बोरवेल हादसों का सामने आना जहां निगरानी करने वाले विभागों की लापरवाही को दर्शाता है, वहीं उन लोगों के आपराधिक कृत्य को भी दर्शाता है, जो बोरवेल का मुंह खुला छोड़ देते हैं। वहीं हादसे हमारे समाज में चेतना के अभाव को भी दर्शाते हैं कि खुले बोरवेल के खिलाफआम लोगों के स्तर पर आवाज नहीं उठायी जाती। यह भी उल्लेखनीय है कि सिंचाई विभाग राज्यों का विषय होने के कारण इसमें केंद्र सरकार का दखल नहीं हो पाता। एक अनुमान के अनुसार देश में करीब पौने तीन करोड़ बोरवेल हैं। जिसमें से बड़ी संख्या में सूख चुके हैं। जिन्हें गैरजिम्मेदार लोगों द्वारा खुला छोड़ दिया जाता है, जो कालांतर हादसे की वजह बन जाते हैं। विडंबना यह भी है कि एनडीआरएफद्वारा चलाये जाने वाले ऐसे राहत व बचाव के दो तिहाई अभियान नाकाम रहते हैं। दरअसल, सभी राज्यों में ऐसे मामलों में बच्चों की जान बचाने से जुड़े सुरक्षा उपाय हर जिले के अधिकारियों को एक मैनुअल के रूप में दिए जाने चाहिए। ताकि किसी हादसे के बाद राहत-बचाव कार्य तुरंत शुरू करके बच्चों को बचाया जा सके। संकट इस ओर भी इशारा करता है कि ऐसे मामलों में हमारा राहत व बचाव का तंत्र कितना शिथिल व निष्प्रभावी है। अकसर स्थिति जटिल होने पर सेना के विशेषज्ञों की भी मदद ली जाती है। कई बार इतनी देर बाद सेना के विशेषज्ञों को बुलाया जाता है कि बच्चों के बचने की उम्मीद क्षीण हो चुकी होती है। निश्चित रूप से बोरवेल की देखरेख करने वाली एजेंसियों के अधिकारियों की जवाबदेही तय करने का वक्त आ गया है। ऐसे मामलों में लापरवाही दिखाने वाले अधिकारियों को दंडित करने की जरूरत है। उनका दायित्व बनता है कि खुले बोरवेल के मालिकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें। समाज के लोगों को भी इस बाबत सचेत करने की जरूरत है ताकि वे प्रशासन को खुले बोरवेल की सूचना दे सकें। यदि समाज सचेत और संवेदनशील रहेगा तो उसका दबाव प्रशासन भी महसूस करेगा। फिर इस सजगता-सतर्कता से कई बच्चों की अनमोल जिंदगी बचायी जा सकेंगी।

# नीतीश को महंगा पड़ेगा छात्रों पर जुल्म

> नौजवानों के इस जुटान का फायदा लेने के लिये जनसुराज पार्टी के नेता प्रशांत किशोर भी पहुंचे और मुख्य सचिव से मिल आये। लौटकर उन्होंने इस बात का श्रेय लेने की कोशिश की कि श्वे 5 प्रतिनिधियों के मिलने की अनुमति लाने में सफल हुए हैं। यदि इसके बाद भी परीक्षार्थी संतुष्ट न हुए तो उससे ऊपर बात की जायेगी। हालांकि रविवार को जब लाठी चार्ज हो रहा था, तो वे मौके से गायब ही हो गये थे। बहरहाल, यह मुद्दा अब लगातार गर्मा रहा है और लोगों में रोष है। अगले साल बिहार विधानसभा चुनाव होने हैं जिसके लिये मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्य भर में प्रगति यात्रा निकाल रहे हैं। युवाओं के साथ यह जुल्म और उनकी अनसुनी नीतीश व उनकी गठबन्धन सरकार को महंगी पड़ सकती है।


बिहार में बीपीएससी परीक्षा में धांधली पर छात्रों का आंदोलन उठ खड़ा हुआ है। छात्रों की मांग है कि सभी 912 केन्द्रों में बीपीएससी प्रारम्भिक परीक्षाएं दोबारा हों। इस मांग पर पखवाड़े भर से जारी आंदोलन को कुचलने के लिये बिहार सरकार अब बर्बरता पर उतर आई है। रविवार की रात को पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान के पास एकत्रित हजारों परीक्षार्थियों पर पुलिस ने भीषण लाठी चार्ज किया और कड़कड़ाती ठंड में पानी की बौछारें फेंकी। उनका जमावड़ा सुबह से होने लगा था जिन्हें पुलिस बार-बार चेतावनी दे रही थी कि उन्हें प्रदर्शन की इजाजत नहीं है। इसे अनसुना करते हुए बड़ी संख्या में एकत्र हुए परीक्षार्थी पुलिस के बल प्रयोग से घायल हुए हैं तथा अनेक लोगों के खिलाफपुलिस स्टेशन में रिपोर्ट दर्ज हुई है।

नौजवानों के इस जुटान का फायदा लेने के लिये जनसुराज पार्टी के नेता प्रशांत किशोर भी पहुंचे और मुख्य सचिव से मिल आये। लौटकर उन्होंने इस बात का श्रेय लेने की कोशिश की कि श्वे 5 प्रतिनिधियों के मिलने की अनुमति लाने में सफल हुए हैं। यदि इसके बाद भी परीक्षार्थी संतुष्ट न हुए तो उससे ऊपर बात की जायेगी। हालांकि रविवार को जब लाठी चार्ज हो रहा था, तो वे मौके से गायब ही हो गये थे। बहरहाल, यह मुद्दा अब लगातार गर्मा रहा है और लोगों में रोष है। अगले साल बिहार विधानसभा चुनाव होने हैं जिसके लिये मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्य भर में प्रगति यात्रा निकाल रहे हैं। युवाओं के साथ यह जुल्म और उनकी अनसुनी नीतीश व उनकी गठबन्धन सरकार को महंगी पड़ सकती है। 70वीं संयुक्त (प्रारम्भिक) परीक्षा को लेकर 18 दिसम्बर से प्रदर्शन जारी है। रविवार को परीक्षार्थियों ने प्रदर्शन का ऐलान कर रखा था। पुलिस ने पहले ही मैदान के सारे गेट बन्द कर दिये। परीक्षार्थी फिर भी मुख्यमंत्री निवास की ओर बढ़ने लगे। उन्हें पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रोक दिया। जब वे इसके बावजूद नहीं रुके तो उन के खिलाफबल प्रयोग किया गया। उल्लेखनीय है कि इस परीक्षा के लिये सितम्बर में विज्ञापन जारी हुआ था। इसमें शामिल होने के लिये लगभग 5 लाख लोगों ने आवेदन किया था।




3.25 लाख ने 13 दिसम्बर को परीक्षा दी परन्तु इसके पर्चे लीक होने, कई कोचिंग संस्थानों द्वारा दिये गये प्रश्नपत्रों से सवाल मिलने तथा अन्य अनियमितताओं के कारण इस परीक्षा को रद्द करने की मांग होने लगी, लेकिन बीपीएससी के परीक्षा नियंत्रक राजेश कुमार सिंह ने स्पष्ट कर दिया है कि श्परीक्षा रद्द होने का सवाल ही नहीं है। बेहतर है कि परीक्षार्थी मुख्य परीक्षा की तैयारियों में जुट जायें। यह मुद्दा कहां तक जाता है और सरकार परीक्षार्थियों की मांगें पूरी करती है या नहीं, यह तो आने वाला वक्त ही बतायेगाय परन्तु रविवार के प्रदर्शन में हुई पुलिस कार्रवाई का खामियाजा नीतीश कुमार की जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) एवं सहयोगी भारतीय जनता पार्टी के गठबन्धन को भुगतना पड़ सकता है जिन्हें फिर से जनता का सामना करना है। प्रदर्शनकारियों का तो साफकहना था कि श्उनकी परीक्षा के बाद 2025 में नीतीश कुमार सरकार की परीक्षा होगी।श् इशारा साफ है कि दोनों पार्टियों का मताधार खिसक सकता है। इस प्रदर्शन पर हुई पुलिस कार्रवाई से आंदोलनकारियों के प्रति विभिन्न राजनीतिक दलों में भी नाराजगी हो गयी है। सीपीआई एमएल तो पहले से ही इस आंदोलन का समर्थन कर रहा है। प्रमुख विपक्षी दल राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता व पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि श्परीक्षार्थियों के साथ जो ज्यादती की गयी है, उसे देखकर कलेजा कांप जाता है।श् अन्य विपक्षी दल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी आदि भी नीतीश सरकार पर हमलावर हो गये हैं। यहां तक कि एनडीए में सहयोगी चिराग पासवान ने भी नीतीश सरकार से मांग की है कि छात्रों पर लाठी बरसाने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई हो। यह मामला नीतीश कुमार पर इसलिये भारी पड़ सकता है क्योंकि रोजगार बिहार का एक प्रमुख मुद्दा बन गया है। जिस तरह से राज्य की इस सबसे बड़ी एवं महत्वपूर्ण परीक्षा को सरकार की कार्यपद्धति ने संदिग्ध और अपारदर्शी बना दिया है, उसके कारण युवाओं एवं आम जनता में भारी रोष है। लोगों को अब वे दिन भी याद आ रहे हैं जब जेडीयू एवं आरजेडी की सरकार थी और जिस दौरान बड़ी तादाद में लोगों को रोजगार मिले थे। पिछले लगभग एक दशक में बिहार में सबसे ज्यादा भर्तियां उसी दौरान हुई थीं। इसे गर्व के साथ दोनों ही दल (जेडीयू-आरजेडी) बतलाया करते थे। परिस्थितियां तब बदलीं जब दोनों दल अलग हो गये। नीतीश कुमार ने पाला बदलकर भाजपा के साथ सरकार बना ली थी। उस अवसर पर जब विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव पर चर्चा हो रही थी तो नीतीश कुमार एवं भाजपा के लोगों ने यह कहा था कि श्नौकरियां बांटने का काम केवल तेजस्वी ने नहीं किया बल्कि उसके पीछे सीएम का हाथ था। उनकी मंजूरी से ही भर्तियां हुई थीं। नौकरियां आगे भी मिलती रहेंगीं। बहरहाल, यह दावा गलत साबित हुआ। अब यह स्वीकार कर लिया गया है।



























प्रधान सम्पादक, स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, राजकुमार यादव द्वारा राज आफसेट एबीसी काम्पलेक्स अपोजिट शुभम सिनेमा क्लीनटन रोड कैसरबाग, लखनऊ से मुद्रित कराकर 424-बी वैशाली इंक्लेव सेक्टर 9 इंदिरानगर लखनऊ से प्रकाशित।
समस्त विवाद वाराणसी न्यायलय के अधीन होंगे। फोन नं. 9935781155 E-mail :- info.shakuntimes@gmail.com RNI: UPHIN/2012/45286 प्रधान कार्यालय:- शक्तिपीठ, बरईपुर, सारनाथ, वाराणसी (उत्तर प्रदेश) पिन कोड - 221007


नैनं छिंदन्ति शस्त्राणि, नैनं दहति पावकः। न चैनं क्लेन्दन्त्यापो न शोषयति मारुतः।।
''मानस मन में सदा रहेगी, तेरी स्मृतियों की बदली''
परम् पूज्यनीय माँ की 22वीं पुण्यतिथि (01 जनवरी 2025) पर
हम शत्-शत् नमन करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।
कभी ना विस्मृत होने वाली यादों के साथ
स्मृतिशेष लालती देवी
पत्नी- श्री राजदेव सिंह पूर्व विधायक
ग्राम व पोस्ट बंसफ़ा, सिकरारा, जौनपुर
श्रीकला धनन्जय सिंह
अध्यक्ष जिला पंचायत जौनपुर
राजदेव सिंह
पूर्व विधायक रारी जौनपुर
धनन्जय सिंह
पूर्व सांसद जौनपुर
जितेन्द्र सिंह 'दादा', अभ्युदय सिंह